वर्ष- 21 अंक - 237 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, मंगलवार 10 फरवरी 2026



## टीना अंबानी को नया समन भेजेगा ईडी

**नई दिल्ली.एजेंसी।** अनिल अंबानी की पत्नी टीना अंबानी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। 40,000 करोड़ रुपये के कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन वे जांच में शामिल नहीं हुईं। अब एजेंसी उन्हें नया समन जारी करने की तैयारी में है। यह जांच अनिल अंबानी और ग्रुप की कंपनियों से जुड़े 40,000 करोड़ रुपये के कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले से संबंधित है, जिसके लिए ईडी ने हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर एक विशेष जांच टीम का गठन किया है।

## 3 लाशें मिलने से पहले कार में दिखा था एक 'बाबा'

**नई दिल्ली.एजेंसी।** दिल्ली के पीरागढ़ी इलाके में एक कार के अंदर तीन लोगों के शव मिलने के रहस्यमयी मामले में पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगा है। पुलिस ने उस व्यक्ति को ट्रेस कर लिया है जो सीसीटीवी फुटेज में कार में 'बाबा' के वेश में बैठा नजर आया था। कार में जिस महिला लक्ष्मी की लाश मिली थी उसके बारे में भी यह पता चला है कि उसने दो शादियां कर रखी थीं। उसका एक पति बिहार में रहता है और एक के साथ वह दिल्ली में रहती थी।

## 40 रुपए की नकली पिस्टल से 80 लाख की लूट

**नरसिंहपुर.एजेंसी।** नरसिंहपुर में 3 फरवरी को होटल में 80 लाख रुपए लूट के सभी आरोपी जेल में हैं। पूछताछ में खुलासा हुआ है कि आरोपियों ने 40 रुपए की नकली पिस्टल अड़ाकर वारदात की थी।

# भारतीय तेल कंपनियों ने खरीदा वेनेजुएला का तेल



### 20 लाख बैरल की डील, ट्रंप के कब्जे के बाद बड़ा सौदा!

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का तेल वाला गेम प्लान अब काम करता दिखने लगा है। बीते दिनों वेनेजुएला पर स्ट्राइक और राष्ट्रपति मादुरो की गिरफ्तारी के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने वहां के तेल के खजाने पर अपने कंट्रोल का दावा किया था और ट्रंप के कब्जे में आने के बाद वेनेजुएला ऑयल का सौदा भी शुरू हो गया। भारतीय तेल कंपनियों ने 20 लाख बैरल ऑयल डील की है। रिपोर्ट की मानें, तो ये खरीद सिर्फ दो भारतीय सरकारी रिफाइनरियों ने की है और इनके पास ये तेल अप्रैल तक आ सकता है। इंडियन ऑयल कॉर्प और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्प ने संयुक्त रूप से अप्रैल में डिलीवरी के लिए 20 लाख बैरल मेरेय क्रूड खरीदा है। भारतीय सरकारी रिफाइनरियों द्वारा यह खरीदारी ऐसे समय में हुई है, जबकि हाल ही में इंडिया-अमेरिका ट्रेड डील पर सहमति बनी है और इसका आधिकारिक ऐलान होने वाला है।

# ...तो राहुल के पास कैसे आ गई किताब

### न छपी, न बिकी और न ही बांटी गई नरवणे की आत्मकथा

**नई दिल्ली ● एजेंसी**



भारतीय थल सेना के पूर्व प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की आत्मकथा 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' को लेकर जारी विवाद के बीच पब्लिशिंग कंपनी 'पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया' ने एक स्पष्टीकरण जारी किया। पब्लिकेशन ने साफ किया कि यह किताब अभी प्रकाशित नहीं हुई है और न ही इसका कोई प्रिंट, डिजिटल या अन्य किसी भी रूप में सार्वजनिक वितरण किया गया है। इस किताब में भारत-चीन के बीच 1962 के बाद के सबसे गंभीर सैन्य टकराव 'गलवान' जैसे अहम घटनाक्रमों पर भी प्रकाश डाला गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पिछले सप्ताह संसद परिसर में कथित तौर पर इस पुस्तक की एक प्रति लहराते हुए दिखाई थी।

## अजित पवार की पार्टी को सहानुभूति में मिली 172 सीटें

**मुंबई.एजेंसी।** अजित पवार के निधन के बाद महाराष्ट्र के जिला परिषद चुनावों में उनकी पार्टी एनसीपी ने 12 जिला परिषदों में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरकर सामने आई है। सहानुभूति की लहर के दम पर अजित पवार गुट की एनसीपी ने पूरे राज्य में 172 सीटें जीती हैं। जबकि भारतीय जनता पार्टी ने 225 सीटें जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया, एकनाथ शिंदे की शिवसेना को 162 सीटें मिलीं। कांग्रेस को 55 सीटें, उद्धव ठाकरे की शिवसेना को 46 सीटें और एनसीपी के शरद पवार गुट को राज्य भर में 21 सीटें मिली हैं।

## गोपाल भार्गव को दिग्विजय ने दिया था कांग्रेस में आने का ऑफर

**सागर.एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंत्री और रहली से वरिष्ठ विधायक गोपाल भार्गव ने कहा है कि दिग्विजय सिंह ने उनहें कांग्रेस में आने का ऑफर दिया था, लेकिन मैंने उन्हें कह दिया कि मैं टिकाऊ हूं, बिकाऊ नहीं।

## न्यूज़ ब्रीफ...

### टक्कर के बाद लगी भीड़ को ट्रक ने रौंदा

**नोएडा.एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के नोएडा में दिल्ली मेरठ हाइवे पर देर रात मेरठ से दिल्ली आने वाले बीच वाले लेन पर एक तेज रफ्तार पिकअप अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा टकराया। इस टक्कर के बाद जब लोग मदद करने पहुंचे तो इन लोगों को एक बेकाबू ट्रक ने रौंद दिया जिससे कुछ लोग कई फीट ऊपर हवा में उछल गए और घायल हो गए।

### 12 करोड़ की कार ने 6 को रौंदा

उत्तर प्रदेश के कानपुर में तंबाकू कारोबारी के बेटे शिवम मिश्रा ने तेज रफ्तार 12 करोड़ की लेम्बॉर्गिनी से 6 लोगों को टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक बुलेट सवार करीब दस फीट दूर जा गिरा और उसकी मोटरसाइकिल कार के नीचे आ गई।

### भाजपा अध्यक्ष बनने के बाद आज विधानसभा पहुंचेंगे नितिन नबीन

**पटना.एजेंसी।** बिहार के भाजपा विधायक नितिन नबीन हाल ही में भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं। अध्यक्ष बनने के बाद आज वे पहली बार बिहार विधानसभा की कार्यवाही में शामिल होंगे। इस मौके पर भाजपा के विधायक उनका स्वागत करेंगे।

### मायरे में दिया 25 तोला सोना, 81 लाख नकद

**नागौर.एजेंसी।** राजस्थान में नागौर जिले के जायल में दो ब्राह्मण भाइयों ने अपनी बहन गायत्रीदेवी के बेटे की शादी में एक करोड़ 61 लाख रुपए का मायरा भरा। इन दोनों भाइयों ने मायरे में 81 लाख नकद और 25 तोला सोना दिया। इसके अलावा चांदी के गहने, कपड़े व अन्य उपहार भी दिए।

### चांदी में गिरावट

**मंगलवार.एजेंसी।** आज सराफा बाजार में चांदी के दाम 2600 रुपए गिरकर 2 लाख 61 हजार पर आ गए। जबकि सोना 960 रुपए गिरकर 1 लाख 57 हजार पर आ गया।

## मेहंदी लगे हाथ और शादी के लाल जोड़े में परीक्षा देने पहुंची छात्रा

**जहानाबाद.एजेंसी।** बिहार के जहानाबाद शहर के गौतम बुद्ध इंटर विद्यालय स्थित परीक्षा केंद्र पर एक छात्रा शादी के लाल जोड़े, मांग में सिंदूर और हाथों में मेहंदी लगाए परीक्षा देने पहुंच गई। रतनी प्रखंड के खैरा गांव की रहने वाली वर्षा कुमारी की शादी सोमवार अहले सुबह गया जिले के पहाड़पुर गांव में हुई थी। शादी की रस्मों और विदाई के बीच भी वर्षा ने पढ़ाई को प्राथमिकता दी और बिना देरी किए सीधे परीक्षा केंद्र पहुंचकर इतिहास विषय की परीक्षा दी।



## गर्लफ्रेंड को शॉपिंग करा रहा था पति तो भिड़ गई पत्नी, बाल खींच-खींचकर पीटा



**रॉबर्ट्सगंज.एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के रॉबर्ट्सगंज जिले में एक व्यक्ति अपनी प्रेमिका के साथ मॉल में घूम रहा था और उसे शॉपिंग करा रहा था। इसी बीच उसकी पत्नी भी वहां पहुंच गई और उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। जिसके बाद पत्नी प्रेमिका से भिड़ गई और दोनों में विवाद शुरू हो गया। इस दौरान दोनों में जमकर मारपीट हुई। दोनों ने एक-दूसरे के बाल खींचे और थप्पड़ भी मारे।

## मप्र 12वीं बोर्ड की परीक्षा शुरू

**भोपाल.एजेंसी।** मध्य प्रदेश में 12वीं बोर्ड परीक्षाएं आज से शुरू हो गई। इस साल करीब 7 लाख स्टूडेंट्स कक्षा 12वीं के फाइनल एग्जाम देंगे। प्रदेशभर में 3856 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। नकल रोकने के लिए फ्लाइंग स्क्वॉड, सीसीटीवी निगरानी तैनात किए गए हैं।

# भाजपा कार्यकर्ताओं के 100 रु. एकत्रीकरण से चलता था भाजपा कार्यालय

## कार्यालय पर कामकाजी बैठक में पहुंचे सहयोग निधि के प्रदेश प्रभारी नेमा



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

नगर भाजपा ने कल आजीवन सहयोग निधि के मुद्दे पर कामकाजी बैठक भाजपा कार्यालय में बुलाई। बैठक में आजीवन सहयोग निधि के प्रदेश प्रभारी गोपीकृष्ण नेमा भी पहुंचे थे। नेमा का इस पद पर आने के बाद स्वागत भी किया गया। नेमा ने अपने उद्‌बोधन में कहा मध्य-प्रदेश भाजपा के पितृ पुरुष कुशाभाऊ ठाकरे जी ने प्रदेश कार्यालय को चलाने के लिए कार्यकर्ताओं से 100 रुपये की राशि एकत्रित करना सुनिश्चित किया था, जिससे कार्यालय का खर्च चलता था। कैलाश जोशी, सुन्दरलाल पटवा, कैलाश सारंग, राजेंद्र धारकर, नारायणराव धर्म जैसे नेता कार्यकर्ताओं के घर घर जाकर रसीद काटते थे। विपरित परिस्थितियों में संगठन को खड़ा किया तब जाकर आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। गोलू शुक्ला, आलोक दुबे, नन्दकिशोर पहाड़िया, राजेश उदावत, अश्विनी शुक्ला, सुधीर कोल्हे, महेश कुकरेजा, भूपेन्द्र केसरी, कंचन गिदवानी, गुलशन यादव, वरुण पाल, नितिन शर्मा, सौरभ खंडेलवाल सहित अन्य मौजूद थे।

## 28 फरवरी तक चलेगा आजीवन सहयोगी निधि एकत्रीकरण अभियान

भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि भाजपा के पितृ पुरुष दीनदयाल उपाध्याय की कल पुण्यतिथि समर्पण दिवस से पूजन व्याख्यान के बाद समर्पण राशि एकत्रीकरण की शुरूआत की जाएगी। इस समर्पण निधि से नगर, प्रदेश और केन्द्रीय संगठन का खर्च चलता है। 20 हजार से अधिक राशि के लिए पेन कार्ड अवश्य लें। यह अभियान 28 फरवरी तक चलेगा। 15 मार्च तक पूरा हिसाब, रसीद कट्टे सहित पूरी जानकारी प्रदेश कार्यालय पर जमा कराना है। उन्होंने कहा कि आगामी कार्यक्रमों में मंडल स्तर पर भी प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जाएंगे। विधायक गोलू शुक्ला को समर्पण निधि एकत्रीकरण के लिए नगर प्रभारी बनाया है। साथ में दो सहप्रभारी भी बनाए हैं। वहीं विधानसभा अनुसार जो प्रभारी बने उनमें विधानसभा 1 में गोविंद पंवार, 2 में मुन्नालाल यादव, 3 में बबलू मित्तल, 4 में योगेश गेंदर, 5 में अरविंद उपाध्याय, राऊ में गौतम शर्मा, सांवेर में पप्पू शर्मा को प्रभारी बनाया गया है।

## महिला मोर्चा का महिला संवाद आज दोपहर

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा और महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष शैलजा मिश्रा ने बताया कि आज दोपहर 1:30 बजे आनंद मोहन माथुर सभागृह में महिला मोर्चा द्वारा महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया और महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी पारंजपे शामिल होगी। केंद्रीय बजट प्रचार अभियान के अंतर्गत सभी वर्गों से संवाद किया जा रहा है, उसी के अंतर्गत आज महिला मोर्चा द्वारा महिला संवाद का आयोजन किया जा रहा है। केंद्रीय बजट को लेकर केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया और महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी पारंजपे महिलाओं से संवाद करेंगे।

## निहोरे को संयुक्त मोर्चा का प्रदेश समन्वयक बनाया





इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। दिल्ली में यूएस ट्रेड डील के विरोध मे किसान -मजदूर के संगठन एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। इंदौर से कांग्रेस नेता राहुल निहोरे भी पहुंचे थे। दिल्ली के राजघाट पर विभिन्न प्रदेशों से वरिष्ठ नेता जन आए। प्रबल प्रताप शाही द्वारा किसान एवं श्रमिक कामगार के हितो की सुरक्षा के लिए सयुंक्त मोर्चे का मध्यप्रदेश का समन्वयक प्रबल प्रताप शाही द्वारा राहुल निहोरे को बनाया गया है। इस तरह निहोरे को दिल्ली में बड़ी जिम्मेदारी मिली है। सभी संगठनों ने यूएस ट्रेड डील को किसान-मजदूर देश विरोधी, प्रधानमंत्री मोदी ने ट्रम्प के दवाब मे देश की संप्रभुता के साथ समझौता बताया। इसी कड़ी में देश की संप्रभुता, खेती किसानी मजदूर को बचाने के लिए एक मोर्चा बनाने की प्रकिया शुरू की गई। डील को रद्द कर मजदूर विरोधी योजना को रद्द किया जाए और मनरेगा योजना को फिर से बहाल किया जाए, यह बात भी दिल्ली में हुई। देश भर के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कोषाध्यक्ष बनाने में जिला कांग्रेस ने मारी बाजी

### शहर में गर्ग का बनना तय लेकिन घोषणा नहीं

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर और जिला कांग्रेस में अभी अध्यक्ष के अलावा प्रभारी संगठन महामंत्री काम कर रहे हैं। अब जिला कांग्रेस ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की सहमति से कोषाध्यक्ष पद पर हितेश यादव हनी को जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने नियुक्त करवा लिया। इधर शहर कांग्रेस कोषाध्यक्ष बनाने में पीछे रह गई, जबकि प्रारंभिक दौर में ही यह तय था कि शहर कांग्रेस अध्यक्ष में कोषाध्यक्ष का पद चिंटू चौकसे अपने पुराने साथी शैलेष गर्ग को ही देंगे जो पहले से इस पद पर दायित्व निभाते आ रहे हैं। इस मामले में चिंटू चौकसे से जब चर्चा की गई तो उनका कहना था कि हम भी जल्द ही जिला कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्ति की स्वीकृति करवाएंगे। सूत्रों का कहना है कि शैलेष गर्ग ही शहर कांग्रेस के कोषाध्यक्ष होंगे। पर जिला कांग्रेस ने पहले कोषाध्यक्ष के रूप में हितेश यादव हनी को बनाकर बाजी मार ली, जबकि संगठन महामंत्री शहर और जिला में एक साथ ही बने थे।

## सामाजिक समरसता में आज शाम बच्चों को भोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। पूर्व मंत्री लक्ष्मणसिंह गौड की पुण्यतिथि पर हिन्द रक्षक संगठन द्वारा समरसता सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। आज शाम 7 बजे मूकबधिर स्कूल 71 नम्बर स्कीम पर बच्चो को भोजन कराया जाएगा। आयोजन में एकलव्यसिंह गौड, राकेश वर्मा, सुरेश सिरवईया, पार्षद जीतू राठौर सहित अन्य मौजूद रहेंगे।



## विद्यालय जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विधानसभा 4 के वार्ड 65 सिंधी कालोनी क्षेत्र के स्वामी हरिकृष्णदास उदासी शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के जीर्णोद्धार का कार्य निगम द्वारा कराया गया। विधायक मालिनी गौड ने क्षेत्रीय पार्षद कमलेश कालरा के साथ लोकार्पण किया। इस कार्य में कमलेश कालरा की सक्रिय भूमिका रही। इस दौरान हरीश डावानी, जीतू चेलानी, खेमचंद शादीजा, लिखिल उदासी, ललित पारानी मौजूद थे।

## संकल्प से समाधान शिविर में मिली सफलता



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। झोन 19 के अंतर्गत स्कीम नंबर 140 स्थित जोनल कार्यालय परिसर में संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत शिविर आयोजित किया गया। शिविर में महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा उपस्थित नागरिकों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी और समस्याओं के समाधान के लिए निर्देश दिए। विधायक महेन्द्र हार्डिया, पार्षद राजू जैन, महेश बसवाल, झोनल अधिकारी दिनेश बायस सहित अन्य मौजूद थे।

# सहकारी शकर कारखाना के किसानों का हक मारने की कोशिश

### कांग्रेस नेता ने कहा-पहले शेयर प्रमाण पत्र लेकर आपत्ति दर्ज कराए,किसानों की अनदेखी हुई तो होगा आंदोलन



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर जिले के पीर कराड़िया (बरलाई) में स्थित सहकारी शकर कारखाने की जमीन को मध्य प्रदेश सरकार द्वारा उद्योग विभाग को सौंपने की तैयारी की है। किसानों का आरोप है कि जब कारखाना 1974-80 में बना था, तब उन्होंने 1000 का शेयर लिया था और जमीन की कीमत तब 500-1000 प्रति बीघा थी। कारखाना बंद होने के बाद किसानों को कोई सहायता नहीं मिली। इंदौर दुग्ध संघ के पूर्व अध्यक्ष किसान नेता मोती सिंह पटेल, केदार पटेल, जीवन सिंह चौहान ने सांवेर एसडीएम कार्यालय ज्ञापन देकर आपत्ति दर्ज करवाई। मोतीसिंह पटेल ने कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद से समस्त संस्थान निजी उद्योग पतियों को दिए जा रहे हैं। किसानो की सहकारी संस्था शकर कारखाना में किसानो की अंशपूंजी लगी है, उसके बावजूद जमीन रेडिमेट गारमेंट के लिए उद्योग पतियों को दी जा रही है। शेयर होल्डर किसानों की मांग है कि उन्हें उचित मुआवजा और उनके परिवार के सदस्यों को उद्योग में प्राथमिकता पर नौकरी दी जाए। मोतीसिंह पटेल ने किसानों से अपील की है कि वे सांवेर एसडीएम कार्यालय में शेयर प्रमाण पत्र ले जाकर आपत्ति दर्ज कराएं। आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तिथि 13 फरवरी शुक्रवार है। अगर सरकार ने शेयर होल्डर किसानों की अनदेखी की तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन करेगी।

# शिक्षक निर्वाचन में लगे, विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय -कांग्रेस

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

शहर कांग्रेस के प्रभारी संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल ने बताया कि आज से एमपी बोर्ड की 12वीं की परीक्षाएं शुरू हो चुकी है और आगामी दिनों 10वीं की परीक्षा भी शुरू होगी। बाकलीवाल ने कहा कि पिछले तीन माह से शिक्षकों की ड्यूटी एसआईआर मामले में लगाई गई है। यह शिक्षक तीन माह से ठीक से ड्यूटी स्कूल में नहीं दे रहे हैं और इन्होंने विद्यार्थियों को ठीक से पढ़ाया भी नहीं है। इधर परीक्षा में ड्यूटी भी इन शिक्षकों की चार घंटे की लगाई है, जिसमें तीन घंटे परीक्षा का समय है और उसके बाद फिर से निर्वाचन की ड्यूटी भी देना है। बाकलीवाल ने कहा कि शिक्षकों को निर्वाचन के काम में लगाने से विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय दिखाई दे रहा है। शासन और प्रशासन ने अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी ज्यादा लगाने के बजाए हमेशा की तरह स्कूली शिक्षा विभाग के अध्यापकों की ड्यूटी लगाई, जिसका सीधा असर सभी विद्यार्थियों पर पड़ता दिखाई दिया, लेकिन खासतौर से बोर्ड परीक्षा 12वीं और 10वीं के विद्यार्थी भी अपने शिक्षकों की निर्वाचन में लगी ड्यूटी से परेशान दिखे। बाकलीवाल ने कहा कि कई विद्यार्थियों ने गांधी भवन में बोर्ड परीक्षा की पढ़ाई पूरी नहीं होने की बात भी कही थी।



## सीमेंटेड सड़क का लोकार्पण

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** प्राचीन इन्द्रेश्वर महादेव मंदिर क्षेत्र में सीमेंटेड सड़क बनाई गई, जिसका लोकार्पण करने महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक गोलू शुक्ला, वार्ड 59 की क्षेत्रीय पार्षद डॉ. रुपाली अरुण पेंढारकर पहुंचे। इस दौरान दिनेश वर्मा, भावेश दवे, शिव पाल, संजय कौशिक, जयंत पुरी, राजू कसेरा, रोहित रोजस्कर, सोनू आगवने, सोहन जोशी, मोईन अली सहित स्थानीय रहवासी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कांग्रेस रथ के जल सेम्पल के परिणाम आने की उम्मीद

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** शहर कांग्रेस ने पानी जा-चने के लिए रथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के हाथों शुरू किए थे। पहले दिन चार रथ शुरू करने की बात कही गई थी, लेकिन रथ दो ही चले और कल तो एक ही रथ चला। इसके पीछे यह बताया गया कि शादी-ब्याह चल रहे हैं, जो साइंटिस्ट द्वारा सेम्पल लेना है वे छुट्टी पर है। इधर सूत्रों का कहना है कि जो जल सेम्पल दिल्ली भेजे गए थे उनके परिणाम आज या कल में आने की संभावना है। इधर कांग्रेसियों को उम्मीद है कि जो सेम्पल पानी के अलग-अलग क्षेत्रों से लेकर दिल्ली भेजे गए थे उनमें कई सेम्पल नेगेटिव आएंगे।

# मध्यक्षेत्र के व्यापारिक क्षेत्रों की पुलिस अफसरों ने ली सुध

**सोशल मीडिया पर लगातार जाम की हो रही थी चर्चा**





**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

ट्रैफिक पुलिस द्वारा कल मध्य क्षेत्र के व्यापारिक क्षेत्र में ट्रैफिक सुधार को लेकर मुनादी की गई। पुलिसकर्मियों ने गलत तरीके से खड़े वाहनों को हटाया और सफेद लाइन के बीच ट्रैफिक को सुचारू करवाया। बीते कई दिनों से मध्य क्षेत्र के व्यापारिक क्षेत्र में जाम को लेकर चर्चा चल रही थी। सोशल मीडिया पर ट्रैफिक जाम के वीडियो और फोटो भी वायरल हो रहे थे इसके बाद कल ट्रैफिक पुलिस अफसर ने इस मामले में सुध ली और जेल रो, सराफा, जवाहर मार्ग, सीतलामाता बाजार, मारोठिया बाजार सहित अन्य क्षेत्रों में मुनादी की। जेल रोड पर तो मुनादी का असर तुरंत दिख गया।



उल्लेखनीय है कि सीतला माता बाजार पर ट्रैफिक संभालने वाले बहादुर सिंह विगत 13 दिनों से छुट्टी पर है ऐसे में ट्रैफिक संभालने के लिए पुलिस कर्मियों को मशक्कत करना पड़ रही है इसी के परिणाम स्वरूप जाम लग रहा था। वहीं शीतला माता बाजार सहित अन्य बाजारों में आज से सख्ती की जाएगी। पुलिस अफसरो ने दौरा कर समस्याओं को लेकर व्यापारियों से चर्चा भी की और उसका समाधान भी किया।

### इस अभियान के पीछे पुलिस कमिश्नर का दौरा

पुलिस कमिश्नर संतोषकुमार सिंह का व्यापारिक क्षेत्रों में खासतौर से मध्य क्षेत्र में दौरा होना है। इसीलिए यातायात पुलिस और संबंधित थाना क्षेत्र की पुलिस की सख्ती नजर आ रही है। पुलिस अधिकारी सुप्रिया चौधरी ने आज सुबह मध्य क्षेत्र की सभी पार्किंगों को भी देखा और वहां की व्यवस्थाओं को भी जाना और नगर निगम के अधिकारियों को व्यवस्था सुधारने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

# वैष्णोदेवी दर्शन करने गया था परिवार, पीछे से सूने मकान में घुसे चोरों ने उड़ाए 60 लाख के जेवर और नकदी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

बाणगंगा थाना क्षेत्र में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। यहाँ बाणगंगा कॉलोनी में रहने वाला एक परिवार माता वैष्णोदेवी के दर्शन करने गया था, तभी अज्ञात बदमाशों ने उनके सूने मकान को निशाना बनाया। चोर घर की अलमारी में रखे 35 लाख रुपये नगद और करीब 25 लाख रुपये मूल्य का सोना लेकर फरार हो गए। पीड़ित परिवार जब तीर्थयात्रा से लौटा, तब उन्हें इस बड़ी चोरी का पता चला।

पुलिस के मुताबिक फरियादी मनीषा यादव पति विनोद यादव ने शिकायत दर्ज कराई है कि हाल ही में उन्होंने राम कालोनी में अपना एक प्लॉट बेचा था। प्लॉट की बिक्री से मिले 35 लाख रुपये नगद और घर में रखा करीब 25 लाख रुपये का सोना कुल 60 लाख रुपये घर के भीतर सुरक्षित रखा हुआ था। इसी बीच मनीषा अपने पति विनोद के साथ वैष्णोदेवी यात्रा पर चली गईं। पूरा घर सूना था जिसका फायदा उठाकर बदमाशों ने रैकी की और वारदात को अंजाम दिया। दंपति जब यात्रा से इंदौर लौटे और घर का ताला खोला तो अंदर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी के ताले टूटे हुए थे। जब उन्होंने जांच की तो पता चला कि प्लॉट की बिक्री के रखे लाखों रुपये और पुश्तैनी जेवर गायब हैं। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद बाणगंगा पुलिस और एफएसएल (की टीम ने मौके पर पहुँचकर साक्ष्य जुटाए।

### सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

बाणगंगा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस कॉलोनी के प्रवेश और निकास द्वारों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि संदिग्धों की पहचान की जा सके। पुलिस को अंदेशा है कि वारदात में किसी करीबी या ऐसे व्यक्ति का हाथ हो सकता है जिसे घर में इतनी बड़ी रकम रखे होने की जानकारी थी। फिलहाल पुलिस हुलिए के आधार पर बदमाशों की तलाश में जुटी है।

# मजदूर-किसान का होगा आंदोलन

**मजदूर किसानों का होगा गांधी हाल में एकत्रिकरण, सभा के बाद जुलूस के रूप में पहुंचेंगे सम्भागायुक्त कार्यालय**

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

12 फ़रवरी को देशव्यापी मजदूर किसान हड़ताल का असर इन्दौर में भी दिखाई देगा। इस मामले में क़ल सीटू कार्यालय पर महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कम्युनिस्ट नेता अरुण चौहान, कैलाश लिम्बोदिया, सीएल सेरावत एवं रुद्रपाल यादव, अर्जुन बारिया, काशीराम नायक, भादरसिंह कटारे, सीताराम अहिरवार, इंटक के लक्ष्मीनारायण पाठक सहित अन्य घटक के नेता पदाधिकारी, कार्यकर्ता की मौजूदगी में निर्णय लिया गया कि मजदूर किसान 12 फरवरी की दोपहर 12 बजे गांधी हाल में एकत्रित होंगे वहां सभा भी आयोजित की जाएगी। सभा पश्चात सभी मजदूर किसान और अलग-अलग घटक के पदाधिकारी भी रैली के रूप में सम्भागायुक्त कार्यालय जाएंगे और वहां प्रदर्शन कर मुद्दों पर आधारित ज्ञापन भी दिया जाएगा जिसमें चार श्रम संहिता लागू किया है उसे रद्द



किया जाए।वहीं जो 28 श्रम कानून को रद्द किया गया था उसे बहाल किया जाए, फसल के दाम लागत से ड्योढ़ी और उस पर खरीदी की गारंटी का कानून, सभी किसानो की कर्ज से मुक्ति, किसान पेंशन; मनरेगा को बहाल करने, जी राम जी कानून को रद्द करने, अवैध रूप से बेदखली को रोकने, शासकीय भूमि पर वर्षों से निवासरत कब्जा धारी को मालिकाना हक एवं पट्टा दिया जाने, जंगल की भूमि कॉरपोरेट पूंजी पत्तियों को दिए जाने की बजाय स्थानीय भूमिहीन ग्रामीणों को मनरेगा में पेड़ पौधे लगाने हेतु दी जाए और मजदूरी 500 दी जाए, दलित आदिवासी अल्पसंख्यकों पर बढ़ते हमलो पर सख्ती से रोक लगाने, भूमि अधिग्रहण पर किसानों को कानून 2013 के अनुसारओर उत्तर प्रदेश, राजस्थान की तरह बाजार मूल्य से चार गुना अधिक मुआवजा दिए जाने सहित स्थानीय समस्या को लेकर विरोध किया जाएगा। इसमें मजदूर, किसान, कर्मचारी एवं आदिवासी भागीदारी करेंगे। इन्दौर सम्भाग में कई जगह इस प्रदर्शन को लेकर नुक्कड सभाएं भी आयोजित की जा चुकी है। जहां-जहां मजदूर किसान कार्यरत है वहां जाकर उनसे सम्पर्क भी किया जा रहा है।

# 10 ठेकेदारों की अर्नेस्ट मनी जब्त करने के आदेश

## पुल पुलिया के निर्माण का काम लिया और 5 साल में भी पूरा नहीं किया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**इंदौर नगर निगम के द्वारा 10 ठेकेदारों की अर्नेस्टमनी जब्त करने के आदेश दिए गए हैं। इन ठेकेदारों द्वारा पुल पुलिया के निर्माण का काम तो लिया गया लेकिन 5 साल हो जाने के बावजूद काम को पूरा नहीं किया गया।**

पार्षदों की ओर से लगातार यह शिकायत आ रही है कि जहां पर विकास कार्य नगर निगम के द्वारा शुरू कराए गए हैं वहां पर ठेकेदार के द्वारा काम को बीच में अधूरा छोड़कर ही बंद कर दिया गया है। पिछले काफी दिनों से ठेकेदार के द्वारा काम नहीं किया जा रहा है। इस बारे में जब ठेकेदार को कहा जाता है तो भी वह सुनने के लिए तैयार नहीं है। इस तरह की शिकायतों को अब नगर निगम के द्वारा गंभीरता से लेना शुरू कर दिया गया है।

निगम के आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम के द्वारा शहर भर में जिन स्थानों पर छोटे-छोटे पुल और पुलिया के निर्माण का कार्य शुरू कराया गया था उनमें से बहुत सारे स्थान पर यह कार्य पूरा नहीं हुआ है और बंद हो गया है। ठेकेदार के द्वारा 5 साल जैसी लंबी अवधि बीत जाने के बावजूद काम को पूरा नहीं किया गया है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए निगम के द्वारा अपने रिकॉर्ड से इस बात की छानबीन की गई की ऐसे कौन-कौन से ठेकेदार हैं जिनके द्वारा काम अधूरा रखा गया है और पूरा नहीं किया जा रहा है। इस छानबीन में 10 ठेकेदारों के नाम सामने आए हैं।

निगम के अधिकारियों ने बताया कि इन ठेकेदारों के द्वारा 5 साल या उससे अधिक अवधि पहले काम लिया गया था। लेकिन काम को अभी तक पूरा नहीं किया गया है। इन सभी स्थानों पर इन सभी ठेकेदारों का काम अधूरा ही पड़ा है और बंद हो गया है। ऐसे में नगर निगम के द्वारा बड़ा कदम उठाते हुए इन ठेकेदारों का ठेका कैंसिल कर उनके द्वारा उक्त काम को हासिल करने के लिए दी गई अर्नेस्ट मनी को जब्त करने का फैसला लिया गया है।

# बेटी का रिश्ता तय करने आए किसान की सड़क हादसे में मौत

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। किशनगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ए.बी. रोड पर एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। अपनी बेटी के सुखद भविष्य का सपना लेकर घर से निकले एक पिता की सड़क दुर्घटना में जान चली गई। खरगोन जिले से इंदौर आए किसान को एक तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई।**

मृतक की पहचान बाबूलाल पिता दयाराम कटारे (45), निवासी ग्राम बीकानेर जिला खरगोन के रूप में हुई है। बाबूलाल पेशे से किसान थे। वह अपनी छोटी बेटी के लिए वैवाहिक रिश्ता लेकर इंदौर के पास भैसलाय गांव आए हुए थे। इसी दौरान ए.बी. रोड पार करते समय एक अनियंत्रित कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाबूलाल के सिर में गंभीर चोटें आईं। उन्हें लहूलुहान हालत में तुरंत पास के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। हालत बिगड़ती देख डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर के एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया। यहाँ जीवन और मौत के बीच संघर्ष करते हुए बाबूलाल ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। बाबूलाल खेती-किसानी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। उनके परिवार में दो बेटे और दो बेटियां हैं। जिस घर में बेटी की शादी की खुशियों की तैयारी होनी थी, वहां अब मातम पसरा हुआ है। किशनगंज पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# अगले साल होने वाली जनगणना की तैयारियां शुरू

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

इंदौर जिले में जनगणना 2027 की व्यापक तैयारियां शुरू हो गई है। जिले में दो चरणों में जनगणना का कार्य होगा। पहला चरण अप्रैल 2026 से प्रारंभ होगा। दूसरा चरण फरवरी 2027 में आयोजित होगा। यह जानकारी आज यहाँ कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जनगणना संबंधी जिला समन्वय समिति की पहली बैठक में दी गई। बैठक में जनगणना संबंधी नियम और निर्देशों तथा निर्धारित कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि जनगणना का कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। जनगणना में गुणवत्ता और उच्च स्तर से प्राप्त नियमों और निर्देशों का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में बताया गया कि जनगणना का पहला चरण अप्रैल से प्रारंभ होगा। इस चरण में 1 मई से 30 मई 2026 तक घर-घर जाकर मकानों क्रा सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। इसके पूर्व 15 दिन की समयावधि में ऐप के माध्यम से स्व-गणना का विकल्प भी मौजूद रहेगा। दूसरा चरण फरवरी 2027 में प्रस्तावित है। इस दूसरे चरण में डिजिटल क्रे माध्यम से घर-घर जाकर जनसंख्या गणना की जाएगी। जनसंख्या 2027 के लिए संदर्भ तारीख 1 मार्च 2027 होगी। बैठक में आगामी जनगणना कार्य को लेकर व्यापक समीक्षा की गई। बताया गया कि जनगणना प्रक्रिया में बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारियों की सेवाएं ली जाएंगी और इन्हें विभिन्न स्तरों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति की जा रही है। बैठक में अपर कलेक्टर निशा डामोर सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# इंदौर में दिख रहा है गर्मी का असर

## 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया तापमान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** ठंड के इस मौसम में इस समय इंदौर में गर्मी का असर नजर आने लगा है। शहर का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में इंदौर का अधिकतम तापमान 30.2 डिग्री सेल्सियस रहा है। यह तापमान सामान्य तापमान से 2 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। पिछले दिवस से यदि तुलना की जाए तो तापमान में 0.6 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो गई है। इसके साथ ही कल रात का न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस रहा है। यह सामान्य तापमान से 1 डिग्री सेल्सियस कम है। कल रात में शहर में 18 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलती रही इसके कारण रात के समय में हल्की ठंड सड़क पर चलने में महसूस हो रही थी लेकिन जो लोग अपने घरों में थे उन्हें सोने के लिए पंखा चलाना पड़ा। आज सुबह 8:30 बजे इंदौर शहर का तापमान 18 डिग्री सेल्सियस था। सुबह के समय पर 6 किलोमीटर से लेकर 13 किलोमीटर तक की रफ्तार से हवा चल रही थी। मौसम विभाग के अधिकारियों का कहना है कि गर्मी हल्की ठंड का मौसम बना रहेगा।

# शहर में तीन स्थानों पर बनेंगे नए पुल

## निगम में ड्राइंग डिजाइन तैयार करने का काम शुरू

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। इंदौर नगर निगम के द्वारा शहर में तीन स्थानों पर नए पुल का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए ड्राइंग डिजाइन बनाने का काम शुरू कर दिया गया है।**

निगम के अधिकारियों ने बताया कि पोलो ग्राउंड में अहिल्या आश्रम स्कूल के पास का पुल नया बनाया जाएगा। इसके साथ ही भागीरथपुरा की तरफ जाने वाले मार्ग के पुल को भी नया बनाकर उसे चौड़ा किया जाएगा। इसके अलावा मालवा मिल मुक्तिधाम के पास के पुल को चौड़ा कर नया बनाया जाएगा। नगर निगम के द्वारा इन तीनों पुलों को नया बनाने के फैसला लेने के साथ ही निगम के अधिकारियों को इसके लिए ड्राइंग डिजाइन बनाने का काम करने के निर्देश दिए गए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि जब ड्राइंग डिजाइन बन जाएगी तो फिर इसका अप्रूवल होगा। इस अप्रूवल के बाद में इन पुलों का निर्माण करने के लिए निगम के द्वारा टेंडर जारी किया जाएगा। फिर टेंडर के माध्यम से ठेकेदार का चयन कर उसे निर्माण का कार्य सौंपा जाएगा । जब निगम के द्वारा डिजाइन बना ली जाएगी तो उस समय पर यह भी निश्चित कर लिया जाएगा की इस पुल के निर्माण में कुल कितना समय लगा है। और इसकी लागत कितनी होगी।

### स्वच्छता गीत के शुभारंभ की तैयारी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आज समाचार लिखे जाने तक महापौर पुष्यमित्र भार्गव स्वच्छता सर्वेक्षण के अन्तर्गत दोपहर 12 बजे से रविन्द्र नाट्यगृह में स्वच्छता गीत का शुभारंभ करने पहुंच रहे हैं। इस आयोजन में स्वच्छता वार्ड रैंकिंग प्रतियोगिता भी शुरू की जाएगी, स्वच्छता चैम्पियन के साथ सफाई मित्रों के सम्मान का आयोजन भी किया जा रहा है।



# पुलिस ने किया बच्चों से जनसंवाद

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** राजेन्द्र नगर थाना प्रभारी नवीन बिरथरे ने छोटे बच्चों के साथ जनसंवाद किया। बच्चों को टॉफी भी दी गई और उन्हें बताया कि अंजान व्यक्ति से किसी तरह की सामग्री नहीं लें। अगर कोई बेड टच करता है तो उसकी जानकारी अपने माता-पिता को दें।

### बुजुर्ग ने पेड़ पर लगाई फांसी

**इंदौर।** महू के गुजरखेड़ा स्थित होली चौक क्षेत्र में 66 वर्षीय बुजुर्ग ने इमली के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान सुरेश कौशल निवासी होली चौक गुजरखेड़ा के रूप में हुई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। शव को सिविल अस्पताल भिजवाया। आत्महत्या के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है।

# गाय के लिए अलग से बने कानून और मंत्रालय

## दो दिन बाद होगी बैठक, मांग नहीं मानने पर जुलाई में दिया जाएगा 780 जिला मुख्यालय पर प्रार्थना पत्र

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** गो सम्मान आव्हान अभियान के प्रकाश दास महाराज, गोपालदास महाराज, मनोज तिवारी, संजय कटारिया ने मीडिया से चर्चा कर कहा कि गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित किया जाए, गौमाता की हत्या बंद हो, भारत में गौमाता के लिए पृथक से केंद्रीय कानून बनाने के साथ ही अलग मंत्रालय बनाया जाए। 27 अप्रैल व 27 जुलाई को पूरे देश में गौ सम्मान दिवस मनाया जाएगा। इन मांगों को लेकर भारत के शीर्ष महंतों, जगतगुरुओं, धर्माचार्यों के द्वारा सयुंक्त रूप से निर्णय लिया गया कि गौमाता (आद्यशक्ति माँ सुरभि), नंदी बाबा (नीलमणि वृषभदेव) भारतीय परंपरा के अराध्य हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और धर्म हितार्थ संविधान के दायरे में अहिंसक तरीके से गौमाता को सेवा, सुरक्षा और सम्मान दिलाया जाए। गौमाता हेतु अनुसन्धान केंद्र स्थापित हो और अनुदान राशि को बढ़ाया जाए। गौमाता की पूरे देश में हत्या बंद हो, गौमाता को राष्ट्रमाता का अधिकार मिले। इस संबंध में सभी गौशाला संचालकों, गौभक्तों की गौसम्मान आव्हान अभियान की बैठक 12 फरवरी को इंदौर में आनंदमयी पीठ पर रखी गयी है। संतों द्वारा गौ सम्मान आव्हान अभियान की शुरुआत की जाएगी। सभी महंतो, जगतगुरुओ, धर्माचार्यो, गौशाला संचालको, गौ भक्तो द्वारा 27 अप्रैल को एकादशी पर गौ सम्मान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन देश में गांव, तहसील, जिले स्तर पर प्रातः गौमाता का पूजन किया जाएगा। यह सभी लोग प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति एवं सभी प्रदेशों के मुख्यमंत्री और राज्यपालों को प्रार्थना पत्र देकर गौसम्मान का आव्हान करेंगे। सरकार द्वारा गौ भक्तों की मांग स्वीकार नहीं किए जाने पर 27 जुलाई को देश के सभी 780 जिला मुख्यालय पर पुनः विनम्र प्रार्थना पत्र दिया जाएगा।

# स्कूली जीवन की आखिरी परीक्षा देने पहुंचे विद्यार्थी






## 12वीं एमपी बोर्ड की परीक्षा आज से शुरू, संवेदनशील केंद्रों पर कड़ी निगरानी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के द्वारा आयोजित 12वीं बोर्ड की परीक्षा आज से शुरू हो गई। आज परीक्षा के पहले दिन सुबह 8 बजे से ही परीक्षा केन्द्रों पर विद्यार्थियों का पहुंचना शुरू हो गया था। उन्हें तलाशी के बाद केंद्र में प्रवेश दिया गया। इंदौर में 138 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें से 74 परीक्षा केंद्र ग्रामीण और 64 परीक्षा केंद्र शहरी सीमा में है। ज्यादातर परीक्षा केन्द्रों में सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए हैं। सभी जगह सेंटर पर जिम्मेदारों की नियुक्तियां भी की गई है। पुलिस व्यवस्था भी लगी हुई थी। हर थाना क्षेत्र में परीक्षा पत्र रखे हुए थे, जो सुबह सेंटर पर लाए गए। स्कूली जीवन की आज आखिरी परीक्षा का पहला प्रश्न-पत्र देने विद्यार्थी पहुंचे, इस परीक्षा की सफलता के बाद उन्हें भविष्य की परीक्षा कॉलेज में देना है।

मध्य प्रदेश की 12वीं बोर्ड की परीक्षा का आगाज आज से हो गया है। इस परीक्षा के लिए दो दिन पूर्व इंदौर के नोडल केंद्र मालवा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से सभी परीक्षा केंद्र स्कूलों को गोपनीय सामग्री का वितरण कर दिया गया था। इस परीक्षा के लिए पहले से ही तैयारी रखी गई। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के पास परीक्षा केंद्रों की सूची भेज दी गई थी। सभी परीक्षा केंद्र वाले क्षेत्र परीक्षार्थियों के अलावा अन्य व्यक्तियों के लिए प्रवेश प्रतिबंधित किए गए हैं।

इस परीक्षा के पहले प्रश्न-पत्र के लिए आज सुबह से ही विद्यार्थी अपने परीक्षा केंद्र पर प्रवेश पत्र के साथ पहुंच गए। इन विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र को चेक करने के साथ उनकी तलाशी ली गई उसके बाद उन्हें परीक्षा केंद्र में जाने की अनुमति दी गई। सभी परीक्षा केंद्र पर सुबह से ही माहौल बदला हुआ था। सभी विद्यार्थियों को यह समझाइए की जा रही थी कि कोई भी अपने साथ नकल करने की सामग्री मोबाइल, हैंड फ्री, स्मार्ट वॉच लेकर नहीं जाए। शिक्षा मंडल के आंचलिक कार्यालय की ओर से इस परीक्षा की व्यवस्था को आकार दे दिया गया था। इस बोर्ड परीक्षा में आज पहला पेपर अंग्रेजी भाषा का है। इसके लिए मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा पहले जो टाइम टेबल जारी किया गया था उसमें संशोधन करते हुए बाद में संशोधित टाइम टेबल भी जारी किया गया। इस परीक्षा में नकल को रोकने के लिए शिक्षा मंडल के द्वारा उड़न दस्ता बनाया गया है। इसके साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा भी अलग से उड़न दस्ता बनाया गया है। जिला प्रशासन की ओर से जांच करने की कोई व्यवस्था को अभी आकार नहीं दिया गया है।



## आयुक्त ने दरोगा को लगाई फटकार

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने कल पहले भागीरथपुरा क्षेत्र का दौरा किया। निगम द्वारा हो रहे कार्यों की जानकारी भी ली, जलप्रदाय को लेकर भी चर्चा की गई। आयुक्त ने भागीरथपुरा के बाद हवा बंगला क्षेत्र का भी निरीक्षण किया और उसके बाद आयुक्त ने मल्हारगंज टोरी कार्नर के पास स्थित लोहारपट्टी क्षेत्र का निरीक्षण किया। यहां कचरा पाए जाने पर दरोगा को आयुक्त ने फटकार लगाई। साथ ही क्षेत्रीय सीएसआई को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए तत्काल प्रभाव से संपूर्ण क्षेत्र में सफाई कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

# सड़क खोदकर निगम खुद ही ओपन प्लॉट पर डाल रहा सीएनडी वेस्ट

### शहर की सुंदरता को लग रहा धब्बा, ठेकेदार कर रहे नियम उल्लंघन, जिम्मेदार बेखबर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

वर्तमान में पूरे शहर में सड़के नई पाइपलाइन बिछाने के लिए धड़ल्ले से खोदी जा रही है। इस दौरान नई पुरानी सड़कों को भी नहीं बक्शा जा रहा है। दो माह पहले तक बनी हुई सड़कों को भी लाइन डालने के लिए नगर निगम ने खोद दिया है। इस दौरान बड़ी संख्या में सीएनडी वेस्ट मटेरियल निकल रहा है सड़कों को खोदने से निकले कंक्रीट को नगर निगम ओपन प्लॉट और ओपन एरिया में डाल रहा है जिससे स्वच्छता मानकों का उल्लंघन निगम के द्वारा ही किया जा रहा है। अब तक नगर निगम आम नागरिक पर ओपन प्लांट में गंदगी करने एवं सीएनडी वेस्ट डालने पर चालानी कार्रवाई करता रहा है लेकिन निगम के जिम्मेदारों पर कार्रवाई कौन करेगा? यह अभी बड़ा सवाल है।

मामला निरंजनपुर क्षेत्र का है जहां सब्जी मंडी वाली सड़क पर लाइन डालने के लिए आईडीए द्वारा 2005 में बनाई गई कंक्रीट की सड़क को लाइन डालने के लिए काट दिया गया यहां से बड़ी संख्या में कंक्रीट के टुकड़े निकल गए जिन्हें आईडीए के खुले मैदान में और ओपन प्लॉट पर डाल दिया गया। स्वच्छता मानकों के अनुसार ओपन एरिया एवं ओपन प्लांट पर बिल्डिंग ध्वस्त एवं बिल्डिंग निर्माण के दौरान निकले वेस्ट मटेरियल को ओपन प्लॉट पर खुले में नहीं डाला जा सकता। ऐसी स्थिति वर्तमान में पूरे शहर के अलग-अलग वार्डों में बनी हुई है। जिसमें विभागीय समन्वय की कमी दिखाई देती है जिसके चलते यह स्थिति बन रही है संबंधित विभाग जो की लाइन डलवाने का काम कर रहा है यह उसकी जिम्मेदारी है कि काम के दौरान निकले वेस्ट मटेरियल को सही नियम अनुसार डंप करवाया जाना चाहिए।

मामले में नगर निगम ज़ोन क्रमांक 7 के जोन अधिकारी सुनील जादौन ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। यदि ठेकेदार द्वारा लापरवाही की जा रही है तो विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी जाएगी एवं उचित कार्रवाई भी होगी इस मामले में संबंधित ठेकेदार पर पेनल्टी लगाई जा सकती है। वही स्वच्छ भारत मिशन के अपर आयुक्त प्रखर सिंह ने बताया कि शहर की स्वच्छता हमारी प्रथम प्राथमिकता है, यदि कहीं भी इसमें चूक हो रही है तो उसको ठीक किया जाएगा। संबंधित विभाग एवं ठेकेदार पर कार्रवाई की जा सकती है। शहर में कितने स्थान पर खुदाई की जा रही है और इनका वेस्ट मटेरियल कहां डाला जा रहा है सभी जोन के सीएसआई रिपोर्ट ली जाएगी।

# मास्टर प्लान की 19 सड़कों के लिए निगम ने लगाई केवीएट

## आरएनटी मार्ग सहित कुछ सड़कों का निर्माण शुरू करने की तैयारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर नगर निगम के द्वारा मास्टर प्लान की 19 सड़कों के लिए कोर्ट में कैविएट लगा दी गई है। इन सड़कों में से कुछ सड़कों का निर्माण शुरू करने की नगर निगम के द्वारा तैयारी की जा रही है।

केंद्र सरकार के द्वारा दी गई राशि से नगर निगम की ओर से मास्टर प्लान में प्रावधान की गई 23 सड़कों का निर्माण करने की योजना बनाई गई थी। इस योजना के क्रियान्वयन की दिशा में पहल करते हुए चार सड़कों का निर्माण कार्य निगम के द्वारा शुरू किया जा चुका है। अब शेष बची हुई 19 सड़कों में से कुछ सड़कों का निर्माण और शुरू करने की तैयारी की जा रही है। इस तैयारी को आगे बढ़ाते हुए नगर निगम के द्वारा इन सड़कों के निर्माण में बाधक निर्माण हटाए जाएंगे। ऐसी स्थिति में उपरोक्त कार्रवाई के विरुद्ध कोई भी निर्माणकर्ता निषेधाज्ञा एक तरफ रूप से प्राप्त करके निगम की कार्रवाई को नहीं रोक दे इसके लिए निगम के द्वारा मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर में केवीयट लगा दी गई है।

नगर निगम के द्वारा यह तैयारी की जा रही है कि नेहरू प्रतिमा मधुमिलन चौराहा से छावनी पुल तक सड़क के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जाए। इस सड़क की चौड़ाई 24 मीटर रखने का प्रावधान है। सड़क को इतनी चौड़ाई में बनाने के लिए उक्त सड़क के दोनों तरफ बने हुए मकान के हिस्से तोड़ना पड़ेंगे। इस सड़क की चौड़ाई को कम करने की मांग क्षेत्र के नागरिकों के द्वारा की जा रही है। उसके साथ ही जनप्रतिनिधियों के द्वारा भी इस मांग का समर्थन किया जा रहा है। निगम की ओर से यह स्पष्ट किया जा चुका है कि मास्टर प्लान में सड़क की चौड़ाई जितनी रखी गई है उतनी ही चौड़ाई में निर्माण किया जाएगा। किसी भी हालत में चौड़ाई को घटाया नही जाएगा। इसके साथ जिंसी चौराहा से लक्ष्मीबाई प्रतिमा तक और नेमिनाथ चौराहे जिंसी चौराहे तक भी 24 मीटर की चौड़ाई की सड़क का निर्माण किया जाना है। वहां भी बहुत सारे मकान के हिस्से तोड़ना पढ़ेंगे तब जाकर सड़क को रास्ता मिल सकेगा। इसके लिए भी निगम तोड़फोड़ की कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है। पिछले दिनों निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के द्वारा इस क्षेत्र का दौरा किया गया था। इस दौरें में उनके द्वारा यह निर्देश दिया गया था कि जिंसी को जोड़ने वाली सड़कों को चौड़ा करने का काम प्राथमिकता से पहले किया जाएं। अब नगर निगम सबसे पहले मधु मिलन चौराहा और जिंसी क्षेत्र की सड़कों पर काम शुरू कर देना चाहता है। यही कारण है कि निगम के द्वारा यह कैवियट दाखिल कर दी गई है। निगम के अधिकारियों को उम्मीद है कि अगले महीने मार्च में इन सड़कों का निर्माण करने के लिए बाधा हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।



# गरोठ-भानपुरा रहवासी संघ का मिलन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** गरोठ शामगढ़ भानपुरा क्षेत्र के इन्दौर में रहने वाले निवासियों का पालिया रोड पर गरोठ जैविक फार्म पर मिलन समारोह आयोजित किया गया। इन क्षेत्रों के अलग-अलग क्षेत्रों में रहने वाले रहवासियों से टेलीफोन डायरेक्ट्री निर्माण का निर्णय भी लिया गया है। इस अवसर पर विमल चौधरी, ओमप्रकाश फरक्या, मदनलाल अग्रवाल, विमल जैन, डॉ. ज्ञानेश पाटीदार, आलविन, विमल छाजेड़ सहित अन्य मौजूद थे। पदाधिकारियों का गठन भी किया गया है।

# वित्तीय साक्षरता सप्ताह में केवायसी का महत्व

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा कल से शुरू हुआ 'वित्तीय साक्षरता सप्ताह' 13 फरवरी तक विशिष्ट रूप से केवाईसी की थीम पर मनाया जा रहा है। अग्रणी जिला प्रबंधक के मार्गदर्शन में प्रिय सखी महिला संघ द्वारा मनी वाइस वित्तीय साक्षरता केंद्र संचालित किए जा रहे है । इन केंद्र द्वारा उक्त सप्ताह अंतर्गत 13 फरवरी तक क्षेत्र में विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें केवाईसी के विषय में, महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जाएगी। कैंप में केंद्र के ब्लॉक कॉर्डिनेटर के साथ विभिन्न बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के शाखा प्रबंधक या उनके प्रतिनिधि भी उपस्थित है। इनके साथ प्रियसखी महिला संघ की टीम महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान कर रही है। कैंप में केवाईसी की जानकारी के साथ सेंट्रल केवाईसी एवं खातों में रखी जाने वाली सावधानियों के विषय में भी महत्व पूर्ण जानकारी दी जायेगी।



# ग्वालियर डीआईजी आए तो हुआ सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** डीआईजी ग्वालियर अमित सांघी के इन्दौर आगमन पर उनका शॉल-श्रीफल एवं विवेकानंद का प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मान किया। कर्मवीर स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट के प्रकाश मानावत एवं शिक्षक सुनील चौधरी इस सम्मान से जुड़े रहे।

# बंधक श्रम उन्मूलन दिवस समाधान अभियान के साथ मनाया

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इंदौर जिले में संकल्प से समाधान अभियान के तहत लगातार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इस अभियान के तहत श्रम विभाग द्वारा बंधक श्रम उन्मूलन दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत जिले की ग्राम पंचायत बड़ियाकीमा में शिविर लगाया गया। शिविर में श्रम विभाग द्वारा बंधक श्रम की परिभाषा एवं अन्य प्रमुख प्रावधानों का वाचन किया गया एवं बंधक श्रम कुप्रथा के उन्मूलन संबंधी जानकारी



दी गई। साथ ही उपस्थित ग्रामीणों/श्रमिकों के संबल व कर्मकार पंजीयनों की पुष्टि करते हुए योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इस दौरान सरपंच कुंतादेवी रावत, सचिव सन्नी साहू एवं अलग-अलग विभागों के अधिकारी मौजूद थे। श्रम निरीक्षण कुलदीप इंगले ने अपनी भूमिका निभाई।



# सेवानिवृत्ति के बाद हुआ सम्मान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

लोक निर्माण विभाग कार्यालय पलासिया में सेवानिवृत्त हुए अधिकारी और कर्मचारियों के सम्मान का आयोजन किया गया। अतिथियों ने कहा सभी रिटायर्ड 15 अधिकारी और कर्मचारी राजेंद्र महाजन, दीपक गुजराती, अभयराज दुबे, प्रशांत श्रीवास्तव, महेंद्र कुमार वाणी, शोभा पंवार, गिरधारी सिंह ठाकुर, दीपसिंह झणिया, पुष्कर व्यास, राधेश्याम सिरोन्जा, सन्ध्या मनवानी सेवानिवृति के बाद परिवार को अधिक से अधिक समय दे। इस दूसरी पारी को भी अच्छे से खेले। खूब घूमे-फिरे, एक्टिव रहे और इंजाय करे तथा स्वयं को फिट रखें। इस अवसर पर हरीश बोयत, अभयराज दुबे, जयदेव गौतम, एसएन सोनी, डीके नीमा, शत्रुघ्न कल्याणे, राजेश गौड़ ने उद्बोधन भी दिए। मनोज विश्वकर्मा, मोहम्मद हनीफ, राकेश गौड़, राजेश सिंह, देवेंद्र पवार, चंद्रकांत देशपांडे, जितेंद्र नगर, महेश देशपांडे, संजय अठवाल, डीएस झणिया, राजेश गौड़ मौजूद थे।

# कुलभूषण मित्तल करवाएंगे घर-घर हिन्दी गीता का वितरण

**दिव्य गीता सत्संग के समापन पर घोषणा, पहले दौर में आएगी 50 हजार गीता**




**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** ग्लोबल इंस्पीरेशन एनलाइटनमेंट आर्गेनाइजेशन ऑफ भगवद गीता (जीओ गीता) के संस्थापक स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने इंदौर में जीओ गीता की शाखा स्थापित करने की घोषणा करते हुए लायंस सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े समाजसेवी कुलभूषण मित्तल कुक्की के मार्गदर्शन में सीए पंकज गुप्ता को इंदौर इकाई का संयोजक नियुक्त किया है। इंदौर में 2 हजार लोगों को सदस्य बनाया जाएगा। संत का सम्मान भी किया। संत ने स्वयं इंदौर शाखा की घोषणा करते हुए कुलभूषण मित्तल कुक्की के मार्गदर्शन में संस्था की गतिविधियां चलाई जाए, पंकज गुप्ता को भी साथ में संयोजक बनाया गया है। अब कुक्की और गुप्ता के मार्गदर्शन में गीता को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से घर-घर हिन्दी गीता का वितरण किया जाएगा। इसके लिए हिंदी गीता की 50 हजार पुस्तिकाएँ भेजी जाएंगी। इनका वितरण गीता पढने वालों के लिए ही संभव होगा। यह अभियान जल्द चलाया जाएगा।

# जैन संतों की हुई अगवानी



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** आज सुबह एबी रोड स्कूल के समीप जैन संतों का आगमन हुआ, उनकी अगवानी की गई। अचल चौधरी, प्रकाश जैन भटेवरा, रमेश भंडारी ने बताया कि युवाचार्य महेन्द्र ऋषि म.सा., हितेन्द्र ऋषि म.सा. ठाणा-4 और दिव्य ज्योति म.सा. ठाणा-9 का मंगल प्रवेश आज सुबह हुआ। संतों ने 900 किलोमीटर की पदयात्रा कर इंदौर में प्रवेश किया। महाराष्ट्र के पनवेल में चातुर्मास के बाद युवाचार्य महाराज का आज मंगल प्रवेश हुआ। कल सुबह आईपीएस स्कूल में सम्मान, गुणानुवाद सभा, प्रवचन के आयोजन भी होंगे। 13 फरवरी को जानकी नगर में मंगल प्रवेश होगा। अगवानी धर्मचंद आर चौरडिया, हुल्लास बेताला, पीयुष जैन करेंगे। 15 फरवरी को सामायिक दिवस मनाया जाएगा, धर्म सभा भी होगी। संत का अलग-अलग स्थानक में भ्रमण और प्रवचन का आयोजन भी होगा। प्रकाश भटेवरा, हेमंत वोरा ने बताया कि होली चातुर्मास युवाचार्य का महावीर भवन इमली बाजार में होगा। 1 से 5 मार्च तक आयोजन होंगे। युवाचार्य के आयोजन के लिए स्वप्निल संचेती, सुविधि जवेरी, संकेत जैन, राकेश कोठारी, नरेन्द्र बाफना एवं युवा टीम विहार यात्रा की व्यवस्था देख रही है।

# परिचय सम्मेलन में पुस्तक का विमोचन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** रवीन्द्र नाट्यगृह में श्री दामोदर समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाज की पुस्तक का भी विमोचन किया गया। युवक-युवतियों ने मंच से परिचय भी दिया। नरेंद्र बजाज, रमेशचंद्र परमार, सुरेश परमार सहित अन्य मौजूद थे।

# काबुली चना एसोसिएशन की सभा




**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

मध्य प्रदेश काबुली चना एसोसिएशन की वार्षिक सभा मित्तल फार्म हाउस में हुई जिसमें प्रदेश के अलावा महाराष्ट्र और गुजरात के करीब 275 सदस्यों ने इसमें शिरकत की। सभा के दौरान आए हुए व्यापारियों को जानकारी दी गई कि व्यापारी माल की गुणवत्ता पर जोर दें ताकि निर्यात बढ़े, विदेशी मुद्रा अर्जित हो और व्यापार व देशहित सधे। विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने फसल विश्लेषण पेश किया। इस वर्ष काबली चना उत्पादन 6.75 लाख टन के लगभग रहेगा लेकिन चने की क्वालिटी बेहतर होगी। चालू वर्ष का क्लोज़िंग स्टॉक लगभग 75000 टन केरी फारवर्ड आएगा। मंडियों में नया काबुली चना भाव 8000 से 8500 रुपये प्रति क्विंटल तक आ सकते हैं। इस दौरान मुकेश कचोलिया, गोपाल अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, नीतेश गोधा, प्रकाश शास्त्री सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।



## पालीवाल समाजजनों ने की माताजी की आराधना

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। श्री पालीवाल ब्राह्मण समाज 24 श्रेणी के तत्वाधान में श्री अन्नपूर्णाजी एवं राकड़ी माताजी का स्थापना महोत्सव समाज भवन, इमली बाजार स्थित अन्नपूर्णा मंदिर परिसर में मनाया गया। रात्रि जागरण, भजन संध्या, महाआरती का आयोजन किया गया। हवन, पूजन, अनुष्ठान में भी पालीवाल ब्राह्मण समाजजन मौजूद रहे। राकेश जोशी, ललित पुरोहित, शांतिलाल जोशी, हरलाल पालीवाल सहित अन्य आयोजन से जुडे रहे।

## फार्मा इंडस्ट्री को मिलेगा ऑटोमेटिक प्लांटो का लाभ

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



फार्मा मशीनरी के निर्माता का एक्सपो का समापन ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में देशभर के उद्योगपति और ड्रग डीलर व्यापारियों की मौजूदगी में किया गया। यह एक्सपो मध्यप्रदेश की फार्मा इंडस्ट्री के लिए मील का पत्थर साबित होगा। लेटेस्ट, एवं नई तकनीकी की मशीनों से पूर्ण रूप से ऑटोमेटिक प्लांट का निर्माण करने में बहुत सहायता मिलेगी। इस एक्सपो में पूरे देश के विभिन्न राज्य जैसे गुजरात,राजस्थान, महाराष्ट्र,हैदराबाद,आंध्रप्रदेश के मशीन उत्पादकों द्वारा अपनी अपनी लेटेस्ट टेक्नोलॉजी से निर्मित मशीनों का यहां पर तीन दिनों में डेमोंसट्रेशन किया गया जिसमें लगभग 2000 विजिटर ने पार्टिसिपेशन किया।इस एक्सपो में पार्टिसिपेट करने का उनको लाभ मिलेगा वहीं दूसरी ओर प्रदेश का एक अच्छा अनुभव लेकर यहां से जा रहे हैं। जेपी मूलचंदानी, दर्शन कटारिया, डॉ गोतम कोठारी एवं अनिल सबरवाल शामिल हुए।

## सहेली ग्रुप की किटी पार्टी



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। 35 साल पुराना सहेली ग्रुप जो किटी पार्टी से शुरू हुआ, फिर सफाई, पर्यावरण, जल संसाधन, ऐतिहासिक स्थान के भ्रमण के साथ आगे बढ़ा। मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें रंजना ठाकुर, सुजाता मोहिते, सरोज वागले, सुजाता फड़के, कविता गाडगिल, स्मिता चिंचालकर, सुनंदा फड़के, मेघा मेंहदले, चित्रा विटवेकर, रश्मि राशिनकर उपस्थित थे।

## मानस सम्मेलन और भागवत कथा के लिए भूमिपूजन होगा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। धार रोड स्थित धरावरा धाम पर 22 से 28 फरवरी तक आश्रम के संस्थापक साकेतवासी महंत घनश्याम दास महाराज की पुण्यतिथि अवसर पर श्री मानस सम्मेलन एवं भागवत कथा का आयोजन रोजाना दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक होगा। ब्रजकिशोर नागर रसपान कराएंगे। महंत शुकदेव दास महाराज एवं न्यास के सानिध्य में होने वाले आयोजन के लिए भूमि पूजन गुरुवार 12 फरवरी को दोपहर 12 बजे धरावरा धाम पर होगा। नानूराम चौधरी, ललित अग्रवाल, डॉ. सुरेश चौपडा, कल्याण भांगडिया, दिनेश गर्ग, डॉ. कमलेश गर्ग, सुरेश बजाज, श्रीकांत शर्मा, नवनीत लाहोटी, प्रकाश मनोहर चौधरी, देवेन्द्र सांखला, सीताराम नरेडी, अशोक कुमावत, प्रवीण मोहन चौधरी आयोजन से जुडे है। समापन पर 28 फरवरी को 25 गांवों के श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारा भी धरावरा धाम पर सम्पन्न होगा।

## साहित्यकारों के पोस्टर प्रदर्शनी समापन पर पौधारोपण



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मध्य भारत हिन्दी साहित्य समिति और इंदौर प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में इंदौर प्रेस क्लब परिसर में कालजयी साहित्यकारों पर पोस्टर प्रदर्शनी का समापन हुआ। पौधारोपण भी किया गया। नागेश व्यास, धर्मेन्द्र यशलहा, अरविन्द जवलेकर, राकेश शर्मा, हरेराम वाजपेयी, राजेश शर्मा, अनिल मोजे सहित अन्य मौजूद थे।



## मां कर्मा जयंती महोत्सव मनाएगा तैलिक समाज



### 30 से अधिक साहू संगठनों ने मिलाया हाथ, 15 मार्च को आयोजन का संकल्प

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। तैलिक समाज के पदाधिकारी और समाजजन 30 से अधिक साहू संगठनों के साथ मां कर्मा जयंती बड़े रूप में 15 मार्च को एक साथ सामूहिक रूप से मनाएगा इसका संकल्प लिया गया। साहू नगर में बैठक आयोजित की गई। 28 से अधिक साहू संगठन पदाधिकारियों ने शिरकत की। भावना-सुरेश साहू, कैलाशचंद्र बिजाले, जगदीश साहू, मुन्नालाल साहू, ओंकारलाल साहू, रामकरण साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## कालानी नगर में शिव बारात निकलेगी

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर समिति कालानी नगर द्वारा महाशिवरात्रि पर्व पर कालानी नगर स्थित महाराणा प्रताप उद्यान से 15 फरवरी रविवार शाम को 5:30 बजे शिव बारात निकलेगी जो की पूरे क्षेत्र में भ्रमण करने के पश्चात मंदिर पहुंचेगी जहां पर महाआरती के पश्चात प्रसादी का वितरण किया जाएगा। आयोजन से नरेंद्र कुशवाहा, बबलू, पंकज मूंदडा, दिनेश आचार्य, अतुल चौहान जुडे हुए है।



## जारी है पाराशर नगर में भागवत

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। राजेन्द्र नगर के समीप पाराशर नगर में युवराज स्वामी यतीन्द्राचार्य के श्रीमुख से भागवत कथा का आयोजन कृष्ण लीला के रूप में किया जा रहा है, बडी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। व्यासपीठ का पूजन भी हो रहा है। आयुष लाठी, मनोहर सोनी, भगवानदास हेड़ा, निलेश लाठी, ओम चिचाणी, उर्मिला लाठी, अनुराग तिवारी मौजूद थे।

## मराठा मंडल और शिवाजी प्रतिष्ठान कराएंगे चार दिवसीय आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

म. प्र. क्षत्रिय मराठा मंडल एवं छत्रपति शिवाजी प्रतिष्ठान के तत्वावधान में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर 19 फरवरी से चार दिवसीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत बच्चों की चित्रकला स्पर्धा, देशभक्ति पूर्ण गीतों की प्रस्तुति, सम्मान समारोह एवं विशेष रूप से महाराष्ट्र से आमंत्रित वक्ताओं के व्याख्यान आदि का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष भी छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती राष्ट्रीय एकता सद्भावना दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया । सार्वजनिक छत्रपति शिवाजी जयंती समारोह समिति के पदाधिकारियों की घोषणा भी की गई, जिसमें संयोजक एडवोकेट मनोहर पवार, अध्यक्ष विट्ठलराव गोलांडे, उपाध्यक्ष संजय लोनकर, हरिशंकर रायकवार, दीपक फाल्के, ललित ठोंबरे सचिव बबन कदम, विनोद नागरे, राजेश निकम, रविंद्र गट्टू, कोषाध्यक्ष अशोक गायकवाड, सहसचिव राजश्री चिटानिस, साक्षी नागरे सांस्कृतिक सचिव विकास चव्हाण, सुरेश सुरोशी, विजय पुणेकर, शिवाजी वामनकर, प्रचार सचिव अमित आमनापुरकर, वीरेंद्र पुणेकर, सतीश चव्हाण, महिला प्रतिनिधि डॉ.आशा गायकवाड, डॉ.प्रणिता महाडीक, मंगला गौरसे, वर्षा खानविलकर तथा परामर्शदाता समिति में डॉ प्रकाश मटकर,शिवाजी मोहिते,पार्षद सुरेश टाकलकर, डॉ प्रभाकर चौखंडे, रविंद्र सोमवंशी, अशोक आमनापुरकर, प्रकाश सूर्यवंशी, बालकृष्ण पवार, सुभाष वाघमारे, दिनकरराव अडसुले आदि मनोनीत किए गए। संस्था संयोजक एडवोकेट मनोहर एवं सचिव बबन कदम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न समितियों का गठन किया गया।

## 200 मरीजों ने लिया शिविर में लाभ



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन,चोईथराम नेत्रालय के संयुक्त तत्वावधान मे आयोजित राम मंदिर कम्युनिटी हॉल महावर नगर, अन्नपूर्णा रोड़ पर स्वास्थ्य शिविर में 280 मरीजों ने लाभ लिया, 25 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया जिनके आपरेशन निशुल्क होंगे, जरूरतमंद को 140 चश्मे रियायती दरों पर दिए गए।

## पुस्तक का विमोचन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। लेखिका डॉ. ललिता शर्मा अनंत की पुस्तक का विमोचन डॉ. जनक पलटा, एनी पवार, डॉ. निहार गीते और डॉ. माया बोहरा, ललिता शर्मा, डॉ. तपति रॉय यादव की मौजूदगी में किया गया।



# नायता मुंडला बस टर्मिनल के पास मिलने वाली है एक और नए चार्जिंग स्टेशन की सौगात

## एक साथ 20 से ज्यादा इलेक्ट्रिक बसें हैवी चार्जिंग सिस्टम से हो सकेंगी फास्ट चार्ज



इंदौर। नायता मुंडला नवीन बस टर्मिनल के पास आने वाले दिनों में बेहद जल्द एक और नवीन चार्जिंग स्टेशन की सौगात मिलने वाली है। जहां एक ही छत के नीचे 20 से 25 इलेक्ट्रिक बसों को आसानी से चार्ज किया जा सकेगा। साथ ही यहां करीब 50 से ज्यादा बसें पार्किंग में आसानी से खड़ी भी हो सकेगी। जहां हैवी चार्जिंग सिस्टम से बेहद कम समय में बसें यहां चार्ज हो सकेगी। नवीन चार्जिंग स्टेशन के निर्माण का कार्य यहां तेजी के साथ चल रहा है। जिसके लिए नायता मुंडला बस टर्मिनल के पास निगम द्वारा नवीन चार्जिंग स्टेशन के निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इस चार्जिंग स्टेशन पर 20 से ज्यादा इलेक्ट्रिक बसों को एक साथ चार्ज किया जा सकेगा यही नहीं यहां चार्जिंग पर आने वाली अन्य बसें भी पार्किंग में व्यवस्थित खड़ी करने की भी व्यवस्था रहेगी।

**150 से ज्यादा पीएम ई बस योजना में मिलेंगी-** गौरतलब है कि प्रदेश सरकार और इंदौर नगर निगम के प्रयासों से जल्द इंदौर शहर में केंद्र सरकार की ओर से 150 के आसपास इलेक्ट्रिक बसें मिलने वाली है। जिसके अंतर्गत प्रदेश के अन्य शहरों के साथ इंदौर शहर को भी आने वाले दिनों में करीब 150 के लगभग इलेक्ट्रिक बसें मिलने वाली है। जिसके रख-रखाव और चार्जिंग करने की सुविधा और व्यवस्था में विस्तार के लिए निगम ने चार्जिंग स्टेशन की संख्या बढ़ाते हुए नवीन चार्जिंग स्टेशन के निर्माण का कार्य पिछले दिनों प्रारंभ कर दिया है। जिसके तहत आईडीए द्वारा नायता मुंडला में करोड़ों की लागत से निर्मित नवीन बस टर्मिनल के पास खाली खगह में इन दिनों इलेक्ट्रिक बसों के चार्जिंग के लिए नए स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा विजय नगर डिपो के पास भी एक चार्जिंग स्टेशन बनकर लगभग तैयार है।

**राजीव गांधी चौराहे के पास है सबसे पुराना चार्जिंग स्टेशन-** गौरतलब है कि वर्तमान में राजीव गांधी चौराहे के पास सबसे पुराना इलेक्ट्रिक बसों को चार्ज करने का लंबा-चौड़ा चार्जिंग स्टेशन पहले से बना हुआ है। इसके अलावा नेहरू पार्क में भी एक चार्जिंग स्टेशन बनाया गया है। इसके अलावा खजराना गणेश मंदिर और विजयनगर डिपो के साथ अब नायता मुंडला में भी एक और चार्जिंग स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है ताकि भविष्य में इंदौर शहर में जब इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ेगी तो इन्हें चार्ज करने के लिए नए स्टेशन काम आएंगे। जबकि अभी शहर में करीब 80 से ज्यादा इलेक्ट्रिक बसें चल रही है, और आने वाले दिनों में 100 से ज्यादा और इलेक्ट्रिक बसें शुरू होने वाली है। जिन्हें रखना और चार्जिंग करने के लिए शहर में और चार्जिंग स्टेशनों की जरूरत पड़ेगी। उसी हिसाब से निगम द्वारा नए चार्जिंग स्टेशन का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है ताकि भविष्य में बसों की संख्या बढ़ने पर उन्हें चार्ज करने में किसी तरह की परेशानी न आए।

# इंदौर, उज्जैन में सर्वाधिक बिजली कनेक्शन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर द्वारा प्राथमिकतानुसार नए कनेक्शन दिए जा रहे है। 2025 में जहां निम्नदाब के पौने दो लाख से ज्यादा नए कनेक्शन दिए गए हैं। अब कंपनी क्षेत्र में घरेलू, गैर घरेलू, औद्योगिक, उच्चदाब, कृषि श्रेणी के कुल 62 लाख से ज्यादा बिजली कनेक्शन हो चुके हैं। सबसे ज्यादा इंदौर जिले में 11 लाख से ज्यादा बिजली कनेक्शन हैं, वहीं उज्जैन जिले में करीब पौने छः लाख बिजली कनेक्शन है। धार जिले में पांच लाख, रतलाम जिले में 4.65 लाख, खरगोन जिले में 4.60 लाख, मंदसौर जिले में 4.55 लाख, देवास जिले में 4.40 लाख से ज्यादा बिजली कनेक्शन हैं। अन्य जिलों में दो लाख से लेकर चार लाख बिजली कनेक्शन हैं। कंपनी क्षेत्र में सबसे ज्यादा बिजली खपत वाला जिला इंदौर हैं। इंदौर जिले में अधिकतम बिजली खपत 1100 मैगावाट तक दर्ज होती है।

# शिवनगर चौराहे से गणेश कॉन्वेंट स्कूल तक नई सड़क की मिलेगी सौगात



इंदौर। विधानसभा पांच के वार्ड क्रमण 51 से जुड़े शिवनगर चौराहे से लेकर गणेश कान्वेंट स्कूल तक आने वाले दिनों में क्षेत्र के रहवासियों को नई सड़क की सौगात मिलने वाली है। इसको लेकर इन दिनों निगम द्वारा ड्रेनेज और स्टार्म वाटर लाइन डालने के बाद अब यहां सड़क निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है।

**अब नहीं जाना पड़ेगा कीचड़ के बीच से होकर क्षेत्र के बच्चों को स्कूल-** यहां के रहवासियों और छोटे बच्चों को आने वाले दिनों में बारिश के दौरान कीचड़ में से होकर न जाना पड़े इसलिए निगम द्वारा यहां पिछले दिनों खुदाई कर क्षेत्र के रहवासियों के लिए नई सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है ताकि जल्द क्षेत्र के रहवासियों को नई सड़क की सौगात मिल सके। साथ ही बारिश के दौरान अब बच्चों को कीचड़ के बीच से होकर स्कूल नहीं जाना पड़ेगा। बल्कि नई चमचमाती सड़क की सौगात आने वाले दिनों में क्षेत्र के रहवासी परिवार को मिलने वाली है।

# सांवरियाधाम से रिंगरोड़ चौराहे तक तीन वार्डो से जुड़ी 1100 मीटर लंबी सर्विस रोड़ की अब दिखने लगी रंगत

## भारत द्वार से बैग फैक्ट्री के सामने तक दोनों ओर एक जैसी 35 फीट चौड़ी बन रही नई सीमेंटेड सड़क




इंदौर। सांवरिया धाम से मूसाखेड़ी रिंग रोड चौराहा तक तीन वार्डो से जुड़ी सर्विस रोड़ के निर्माण और चौड़ीकरण के काम की रंगत अब दिखने लगी है। भारत द्वार से लेकर पालीवाल धर्मशाला बैग फैक्ट्री के सामने तक के बड़े हिस्से में दोनों तरफ एक जैसी 35-35 फीट चौड़ी नई सीमेंट सड़क निर्माण का काम इन दिनों अब तेजी के साथ चल रहा है। जिसके तहत वर्तमान में सांवरियाधाम मंदिर से लेकर रिंगरोड चौराहे तक बैग फैक्ट्री तक के बड़े हिस्से में एक - एक पट्टी में ज्यादातर हिस्से की सड़क बनकर तैयार होने लगी है। इसके अलावा दूसरी तरफ खुदाई कर सड़क का बेस तैयार किया जा रहा है।



**चार पैकेज में शामिल 70 फीट चौड़ी सर्विस रोड़ निर्माण के बाद 150 फीट चौड़ी नजर आएगी मुख्य सड़क**

गौरतलब है कि मूसाखेड़ी रिंग रोड़ चौराहे से सांवरिया धाम मंदिर तक करीब 1100 मीटर लंबी दोनों तरफ के हिस्सों में 35-35 फीट चौड़ी सर्विस रोड़ का चौड़ीकरण और नव निर्माण कार्य इन दिनों तेजी के साथ चल रहा है। जिससे आने वाले दिनों में क्षेत्र के लोगों को जल्द पहले से तैयार बीच की 80 फीट चौड़ी मुख्य सड़क के साथ अगले डेढ़ से दो माह में दोनों तरफ 35-35 चौड़ी यानी 70 फीट चौड़ी सर्विस रोड की सौगात और मिलने वाली है। जिसके साथ रिंग रोड चौराहे से सांवरिया धाम तक यहां मुख्य सड़क की कुल चौड़ाई करीब डेढ़ सौ फीट के आसपास हो जाएगी। जिससे आने वाले दिनों में यहां से गुजरने वाले ट्रैफिक में लोगों को जाम से तो बड़ी राहत मिलेगी, साथ ही नेमावर रोड बायपास तक की सुगम और बेहतर कनेक्टिविटी भी मिलेगी।

## जोरदार आवक से सब्जियां हो गई सस्ती

# 40 से 60 रुपए किलो के भाव मिल रही ज्यादातर सभी सब्जियां

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर। मंडी में जोरदार आवक से ज्यादातर हरी सब्जियां सस्ती हो गई है। खासकर सबसे ज्यादा महंगे बिकने वाले मटर से लेकर मैथी, पालक भिंडी के साथ टमाटर और आलू - प्याज तक की जबरदस्त आवक से भाव कम हो गए। बताया जा रहा है कि ज्यादातर सब्जियां 40 से 50 और ऊपर में 60 रुपए किलो के भाव बिक रही है। जिसमें भिंडी, गिलकी, मटर, तरोई, बैंगन, कद्दू, लोकी के अलावा कटहल, करेले, बालोर की फली सहित अन्य सब्जियां शामिल है। हालांकि सुरजना की फली, शिमला मिर्ची सहित कुछ सब्जियां अभी भी 70 से 80 रुपए किलो के भाव मिल रही है। लेकिन रोज काम में आने वाले आलू ,प्याज से लेकर टमाटर भी इन दिनों सस्ते भाव में आसानी से मिल रहे है। यही नहीं आने वाले दिनों में भी आवक अच्छी रहने से सब्जियां और भी सस्ती हो सकती है। जबकि पहले सब्जियां महंगी बिक रही थी, लेकिन अब अच्छी आवक से ज्यादातर सब्जियां सस्ती हो गई। धनिया-मिर्ची और नींबू भी अब सस्ते हो गए।

**टमाटर से लेकर मैथी-पालक और आलू-प्याज तक हो गए सस्ते**

## संपादकीय

# रील बनाने का जानलेवा जुनून, तकनीक के जाल में उलझती जिंदगी और खत्म होता विवेक

हालत यह है कि सोशल मीडिया पर ज्यादा से ज्यादा लोगों तक अपनी बात या किसी मनोरंजक गतिविधि को पहुंचाने के लिए लोग अजीबोगरीब तरीके भी अपनाने लगे हैं। आधुनिक तकनीक के रूप में मोबाइल या स्मार्टफोन जितना उपयोगी साबित हुआ है, उसके समांतर अब उसके ऐसे खमियाजे भी सामने आ रहे हैं, जो कई बार व्यक्ति को बहुस्तरीय मानसिक परेशानियों के संजाल में फंसा लेते हैं, तो कभी वह उस चक्र में फंस कर अपनी जान भी गंवा बैठता है। स्मार्टफोन में कोई गेम खेलते हुए बच्चों के आत्महत्या कर लेने की खबरें अक्सर सामने आती रही हैं। मगर इसके अलावा आजकल सोशल मीडिया के अलग-अलग मंचों पर संक्षिप्त वीडियो या रील बना कर प्रसारित करने की प्रवृत्ति जिस तेजी से बढ़ती देखी जा रही है, उसने एक नई चिंता पैदा की है। हालत यह है कि सोशल मीडिया पर ज्यादा से ज्यादा लोगों तक अपनी बात या किसी मनोरंजक गतिविधि को पहुंचाने के लिए लोग अजीबोगरीब तरीके भी अपनाने लगे हैं। इस क्रम में सामग्री तैयार करने के लिए वे किसी तरह के औचित्य के प्रश्न से नहीं जूझते, बल्कि उनके दिमाग में सिर्फ लोकप्रिय होने या ज्यादा से ज्यादा दर्शक हासिल करने की बात हावी रहती है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में एक महिला अपने घर में साड़ी से फंदा बना कर लटक गई,
जिससे उसका गला कस गया और आखिर उसकी जान चली गई। खबरों के मुताबिक, वह सिर्फ दिखाने के लिए रील बनाने की कोशिश कर रही थी। हाथ में स्मार्टफोन होने और उसके इस तरह के इस्तेमाल की यह अति है कि कोई सिर्फ शौक और लापरवाही की वजह से अपनी जान गंवा बैठे। रील बनाने के क्रम में हादसे का शिकार होकर मौत की घटनाएं पहले भी सामने आ चुकी हैं, जो लोगों के बीच चर्चा और चिंता का कारण बनीं। ऐसे किसी हादसे का सबक यह होना चाहिए था कि लोग इस तरह के बेलगाम मनोभाव का शिकार न हों। मगर विडंबना यह है कि पिछले कुछ समय से स्मार्टफोन से रील बनाने का शौक अब विवेक और सुरक्षा के तमाम तकाजों को धता बताने की ओर बढ़ता लग रहा है। केवल दिखावे के लिए आधुनिक तकनीक हासिल करना एक बात है और विवेक तथा उचित प्रशिक्षण के साथ उसका उपयोग करना दूसरी बात। स्मार्टफोन में रील देखने से लेकर बनाने के संजाल में गुम होने के दूरगामी नुकसान अब सामने आने लगे हैं।

### जमीन विवाद में पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश नाकाम, दोनों पक्षों पर कानूनी शिकंजा

**इंदौर।** आज़ाद नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत विराट नगर में एक निजी भूमि को लेकर उपजे विवाद में पुलिस ने समय रहते हस्तक्षेप कर सांप्रदायिक तनाव की स्थिति को टाल दिया है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि शांति भंग करने की कोशिश करने वाले किसी भी पक्ष को बख्शा नहीं जाएगा। एहतियात के तौर पर पुलिस ने दोनों पक्षों के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाते हुए प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

पुलिस के मुताबिक, विवाद की मुख्य वजह विराट नगर स्थित जंगली पीर बाबा की दरगाह के समीप स्थित एक भूखंड है। राजस्व रिकॉर्ड और सरकारी दस्तावेजों की जांच में यह बात सामने आई है कि करीब 41,000 वर्ग फीट की यह भूमि पूरी तरह से निजी है। वर्तमान में यह जमीन 'मेसर्स कल्याण मार्बल एवं ग्रेनाइट' के संचालक के नाम पर दर्ज है।

विवादित बनाने की कोशिश और पुलिस का एक्शन-कुछ दिनों पूर्व इस निजी भूमि पर अतिक्रमण या धार्मिक प्रतीकों के जरिए इसे विवादित बनाने का प्रयास किया गया था। तनाव बढ़ता देख दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने तत्काल पटवारी और राजस्व निरीक्षक की टीम के साथ मौके पर पहुँचकर जमीन का सीमांकन किया, जिसमें भूमि के निजी स्वामित्व की पुष्टि हुई।

सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे भ्रामक मैसेज 'असत्य'- कार्रवाई के दौरान सोशल मीडिया पर पुलिस की भूमिका को लेकर कुछ भ्रामक और असत्य संदेश प्रसारित किए गए थे। पुलिस ने इन संदेशों का खंडन करते हुए इन्हें पूरी तरह निराधार बताया है। पुलिस का कहना है कि प्रशासन पूरी पारदर्शिता के साथ तथ्यों के आधार पर कार्य कर रहा है। इलाके में शांति व्यवस्था बनाए रखने और भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस ने दोनों पक्षों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएस) की धारा 126 और 135(3) के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि शहर की फिजा खराब करने वालों और अफवाह फैलाने वालों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है।

# 'जेल काटकर आया हूं' बोलकर युवक के सीने में घोंपा चाकू, 4 पर केस दर्ज

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** पलासिया थाना क्षेत्र स्थित बड़वानी प्लाजा में रविवार देर रात विवाद के बाद चाकूबाजी की सनसनीखेज वारदात हुई। दरवाजा खटखटाने जैसी मामूली बात पर शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ा कि एक आरोपी ने खुद को पुराना अपराधी बताते हुए युवक के सीने में चाकू उतार दिया। पुलिस ने घायल की शिकायत पर चार आरोपियों के खिलाफ प्राणघातक हमले का प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक, मूल रूप से रतलाम निवासी राजेश शर्मा (31), जो वर्तमान में गणेश नगर में रहते हैं, इस हमले में गंभीर रूप से घायल हुए हैं। राजेश ने पुलिस को बताया कि विवाद रात करीब 1 बजे बड़वानी प्लाजा की तीसरी मंजिल पर शुरू हुआ। उनके पड़ोस में रहने वाले पंकज कटारे, पंकज पुरी और शुभम यादव बार-बार दरवाजा बजा रहे थे। जब राजेश के साथी अभिषेक ने उन्हें टोकते हुए दरवाजा बजाने से मना किया, तो आरोपी गाली-गलौज पर उतारू हो गए। देखते ही देखते विवाद हाथापाई में बदल गया। इसी दौरान आरोपियों का एक अन्य साथी धर्मेंद्र भी वहां पहुँच गया। राजेश के अनुसार, आरोपियों ने पहले उन पर गर्म पानी करने वाली रॉड से हमला करने की कोशिश की। इसी बीच आरोपी धर्मेंद्र ने जेब से चाकू निकाला और चिल्लाकर बोला'तू जानता नहीं है, मैं जेल काटकर आया हूं।' यह कहते हुए उसने राजेश के सीने में जान से मारने की नीयत से चाकू घोंप दिया। चाकू लगते ही राजेश लहूलुहान होकर गिर पड़े। जब उन्हें बचाने के लिए उनके दोस्त धर्मेंद्र और राहुल आगे आए, तो आरोपियों ने उनके साथ भी जमकर मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के लोग जमा हुए, जिन्हें देखकर आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल राजेश को तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पलासिया पुलिस ने राजेश की रिपोर्ट पर आरोपी पंकज कटारे, पंकज पुरी, शुभम यादव और धर्मेंद्र के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# जेब में हाथ डालने से रोका तो नाबालिग को मारा चाकू

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** एरोड्रम थाना क्षेत्र में कुछ युवकों ने एक नाबालिग की जेब में हाथ डालने की कोशिश की, और जब उसने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उस पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, घटना जय भवानी नगर स्थित एक किराना दुकान के पास की है। फरियादी बालू ने पुलिस को बताया कि आरोपी गौरव ने उनके बेटे क्रिश की जेब में जबरन हाथ डालने की कोशिश की थी। जब क्रिश ने इसका कड़ा विरोध किया और हाथ बाहर निकालने को कहा, तो गौरव भड़क गया और अपने साथियों को बुला लिया। विवाद बढ़ने पर आरोपी गौरव, देवांशु, प्रियांशु और नमन ने मिलकर क्रिश के साथ गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान आरोपियों ने क्रिश पर छल्ले में लगने वाले चाकू से हमला कर दिया। चाकू क्रिश के कंधे में लगा, जिससे वह लहूलुहान हो गया।वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपियों ने पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए।

# शादी से लौट रहे युवक को रास्ते में रोका

## 'तेज चलने' की बात पर पीटा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** सेंट्रल कोतवाली थाना क्षेत्र में सड़क पर चलते हुए विवाद और मारपीट का मामला सामने आया है। एक युवक जब शादी समारोह से लौटकर अपने घर जा रहा था, तभी एक बदमाश ने उसे रास्ते में रोक लिया और 'ज्यादा तेज चलने' जैसी मामूली बात पर उसके साथ जमकर मारपीट कर दी। पुलिस के मुताबिक, फरियादी सुलतान पिता शकील खान, निवासी पत्ती बाजार, रविवार रात करीब 8 बजे नयापुरा में एक शादी समारोह में शामिल होकर पैदल अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह रानीपुरा झंडा चौक स्थित किराना दुकान के पास पहुँचा, आरोपी शाकिर उर्फ कल्लू पिता रईस, निवासी साउथ तोड़ा, अपनी गाड़ी से वहां आया और सुलतान का रास्ता रोक लिया। सुलतान ने पुलिस को बताया कि शाकिर ने उसे रोककर पूछा कि वह कहाँ से आ रहा है। जब सुलतान ने सहजता से जवाब दिया कि वह शादी से आ रहा है, तो आरोपी बिना किसी कारण के भड़क गया। शाकिर ने गाली-गलौज करते हुए कहा 'तू बहुत ज्यादा तेज चल रहा है।' जब सुलतान ने गालियों का विरोध किया, तो आरोपी ने आव देखा न ताव और सुलतान पर लात-घूंसों की बरसात कर दी। अचानक हुए इस हमले से सुलतान को संभलने का मौका नहीं मिला। शोर सुनकर आसपास के लोग जमा हुए, जिन्हें देखकर आरोपी शाकिर मौके से भाग निकला। सेंट्रल कोतवाली पुलिस ने सुलतान की रिपोर्ट पर आरोपी शाकिर उर्फ कल्लू के खिलाफ मारपीट और गाली-गलौज की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस अब आरोपी की गिरफ्तारी के लिए उसके ठिकानों पर दबिश दे रही है।

# फोन पर बात कर रहे युवक को बदमाशों ने पीटा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** एमआईजी थाना क्षेत्र में गुंडागर्दी का एक नया मामला सामने आया है। यहाँ एक युवक के साथ सिर्फ इसलिए मारपीट की गई क्योंकि वह सड़क किनारे खड़ा होकर फोन पर बात कर रहा था। बदमाशों ने युवक को धमकाया और उसके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की। इस अफरा-तफरी में पीड़ित के पास रखे 16 हजार रुपये भी कहीं गुम हो गए।

**बोले- 'यहाँ क्यों खड़े हो', मारपीट के दौरान 16 हजार रुपये भी गिरे**

पुलिस के मुताबिक, फरियादी नीरज जाटव पिता छतर सिंह, निवासी कृष्णबाग कॉलोनी ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह अयोध्यापुरी कालोनी में खड़ा होकर अपने मोबाइल पर बात कर रहा था तभी तीन अज्ञात व्यक्ति वहां पहुँचे और बिना किसी कारण के उसे टोकने लगे। बदमाशों ने विवाद करते हुए कहा कि 'तू यहाँ क्यों खड़ा है?' और उसे गंदी-गंदी गालियां देना शुरू कर दिया। जब फरियादी ने गाली-गलौज करने का विरोध किया, तो तीनों आरोपी हिंसक हो उठे। उन्होंने फरियादी को घेर लिया और उसके साथ जमकर मारपीट की। हमलावरों ने जाते-जाते उसे जान से मारने की धमकी भी दी। फरियादी ने पुलिस को बताया कि इस पूरी गुत्थमगुत्था और मारपीट के दौरान उसकी जेब में रखे 16,000 रुपये भी कहीं गिर गए, जो काफी तलाशने के बाद भी नहीं मिले। एमआईजी पुलिस ने फरियादी नीरज की रिपोर्ट पर तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# व्यापारी से 'डिजिटल लूट' करने वाले दोनों सिपाही पुलिस हिरासत में

## खाकी पर लगे दाग के बाद विभाग सख्त

**इंदौर।** पलासिया थाना क्षेत्र में व्यापारी अब्दुल फहद के साथ हुई लूट की घटना में पुलिस ने कड़ा एक्शन लेते हुए आरोपी दोनों सिपाहियों को अपनी हिरासत में ले लिया है। एमआईजी थाने में पदस्थ सिपाही मनोज और अविनाश को नामजद आरोपी बनाने के तुरंत बाद पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। वर्दी की आड़ में अड़ीबाजी और लूट करने वाले इन पुलिसकर्मियों से अब पलासिया पुलिस सघन पूछताछ कर रही है। विभाग की इस त्वरित कार्रवाई से साफ हो गया है कि कानून तोड़ने वाला चाहे विभाग का ही क्यों न हो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

घटनाक्रम के अनुसार, 7 फरवरी को हुई इस वारदात ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए थे। व्यापारी अब्दुल फहद जब एटीएम की ओर जा रहे थे, तब इन दोनों सिपाहियों ने अपने अन्य साथियों साहिल और नावेद के साथ मिलकर उन्हें रोका और डरा-धमकाकर डिजिटल करेंसी (यूएसटीडी) और नकद 2 लाख रुपये लूट लिए थे। चौंकाने वाली बात यह थी कि लूट के बाद मामले को दबाने और आपसी समझौते के लिए पीड़ित पर दबाव भी बनाया गया था। लेकिन जब मामला आला अधिकारियों के पास पहुँचा और एसीपी स्तर की जांच हुई, तो दूध का दूध और पानी का पानी हो गया। वरिष्ठ अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद सोमवार को आरोपियों पर केस दर्ज किया गया और अब दोनों पुलिसकर्मियों को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, हिरासत में लिए गए सिपाहियों से लूटी गई रकम और क्रिप्टोकरंसी की बरामदगी के संबंध में पूछताछ की जा रही है। विभाग अब इन दोनों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेने की तैयारी में है ताकि वारदात की हर कड़ी को जोड़ा जा सके। इस कार्रवाई के बाद से महकमे के अन्य दागी पुलिसकर्मियों में भी हड़कंप मचा हुआ है।

# मकान के सौदे में सवा 5 लाख की चपत, तो कहीं चोरी की गाड़ी बेचकर ठगे 10.50 लाख

**इंदौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र में धोखाधड़ी के दो अलग-अलग सनसनीखेज मामले सामने आए हैं। पहले मामले में एक दंपति ने मकान का बयाना लेने के बाद रजिस्ट्री किसी और के नाम कर दी, वहीं दूसरे मामले में फर्जी दस्तावेजों के जरिए चोरी का वाहन बेचकर लाखों की ठगी की गई। पुलिस ने दोनों ही मामलों में आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। धोखाधड़ी की पहली घटना गोकुल नगर में रहने वाली गुड़िया पाल के साथ हुई। पुलिस के अनुसार, आरोपी मानसिंह वर्मा और उसकी पत्नी पूजा वर्मा निवासी झलारिया ने फरियादी गुड़िया से अपने 400 वर्गफीट के मकान का सौदा किया था। 1 नवंबर 2025 को आरोपियों ने गुड़िया से बयाना राशि के तौर पर 5 लाख 31 हजार रुपये लिए।पैसे लेने के बाद आरोपियों की नीयत बदल गई। उन्होंने न तो गुड़िया के नाम रजिस्ट्री की और न ही पैसे लौटाए। जांच में पता चला कि आरोपियों ने वह मकान गुपचुप तरीके से किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया है।

## चोरी का वाहन अपना बताकर 10.50 लाख में बेचा

दूसरा मामला और भी चौंकाने वाला है, जहाँ आरोपियों ने चोरी के वाहन को अपना बताकर बेच दिया। फरियादी जीतू उर्फ जितेंद्र परमार निवासी आलोक नगर की रिपोर्ट पर पुलिस ने मोहम्मद फिरोज और उसकी पत्नी शबाना मूल निवासी उदयपुर, राजस्थान के खिलाफ केस दर्ज किया है। यह घटना फरवरी 2025 की है। आरोपियों ने एक चोरी के वाहन के फर्जी दस्तावेज तैयार किए और उसे अपना बताते हुए जितेंद्र से 10 लाख 50 हजार रुपये ऐंठ लिए।जब वाहन के दस्तावेजों की असलियत सामने आई, तब जितेंद्र को ठगी का अहसास हुआ। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि आरोपियों ने यह वाहन कहाँ से चुराया था और क्या वे किसी बड़े वाहन चोर गिरोह का हिस्सा हैं। कनाड़िया पुलिस ने दोनों ही मामलों में संबंधित धाराओं के तहत दंपति के खिलाफ धोखाधड़ी और कूटरचित दस्तावेजों के उपयोग का केस दर्ज किया है।



# बेहतर यातायात प्रबंधन के लिए बैठक

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** शहर में और बेहतर यातायात व्यवस्था व प्रबंधन तथा कार्यवाही और प्रभावी तरीके से की जाए, इसी को ध्यान में रखते हुए पीटीआरआई भोपाल द्वारा इंदौर जिले के ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन कल पुलिस आयुक्त कार्यालय में किया गया। भोपाल अधिकारी टी.के. विद्यार्थी इन्दौर के आर.के. सिंह, राजेश त्रिपाठी, नरेश बाबू अन्नोटिया, रुपेश द्विवेदी एवं सभी एसीपी, यातायात थाना प्रभारी, निरीक्षकगण मौजूद रहे। बैठक के दौरान ब्लैक स्पॉट, रोड एक्सीडेंट रेड स्पॉट एरिया, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों तथा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में सुधार कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। एफआईआर, डीएआर एवं आईएआर की प्रक्रिया पर समीक्षा की गई। इसके साथ ही आईटीएमएस सिस्टम के प्रभावी संचालन, ट्रैफिक नियम उल्लंघन पर कार्रवाई, ई-चालान प्रक्रिया की समीक्षा तथा सिस्टम को अधिक मजबूत बनाने पर भी चर्चा की गई। गंभीर यातायात उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही को नियमानुसार प्राथमिकता से करने, बैठक में यातायात बल की उपलब्धता, संसाधनों की स्थिति, उपकरणों के उपयोग, स्टाफ की तैनाती एवं भविष्य की आवश्यकताओं को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु सभी संबंधित शाखाएं समन्वय के साथ कार्य तथा ब्लैक स्पॉट एवं रेड स्पॉट क्षेत्रों में सुधार कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने पर जोर दिया गया।

# मिर्गी जागरूकता सेमिनार का आयोजन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** इंदौर एपिलेप्सी एसोसिएशन विशेषज्ञ समिति के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय मिर्गी दिवस के उपलक्ष्य में गीता भवन में जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। नियमित योग और प्राणायाम करने से मरीज को मिर्गी रोग से राहत मिल सकती है। डॉ. बसंत डाकवाला, नीलम रानाडे ने विशेष जानकारी दी। इस अवसर पर संजीव कोहली, डॉ. गजेन्द्र भंडारी, मनोज त्रिपाठी, मितेश दुबे मौजूद थे। डॉ. कुरेचिया ने मरीजों का परीक्षण भी किया।



# हिन्दूवादी पहुंचे घेराव करने

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** मिली जानकारी के मुताबिक हिन्दूवादी कार्यकर्ता विराट नगर मूसाखेड़ी पर शिव मंदिर जो बावड़ी क्षेत्र में था वहां पर पुलिस का हस्तक्षेप है। एक हनुमानजी का मंदिर भी बनाया गया, जिसे भी हटवाने की कोशिश की जा रही है। इसी मुद्दे पर हिन्दू कार्यकर्ता पुलिस कमिश्नर कार्यालय का घेराव करने पहुंच गए।



## होस्टल के विद्यार्थियों के लिए अपनत्व अभियान

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** कलेक्टर शिवम वर्मा ने कल शहर-जिले के सभी होस्टल के विद्यार्थियों के लिए अपनत्व अभियान शुरू करने के मुद्दे पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। टीएल बैठक में सीएम हेल्पलाइन और अन्य लम्बित प्रकरणों की भी समीक्षा की। औद्योगिक प्रदूषण नियंत्रक, जल कल्याणकारी योजना, यातायात व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। अधिकारी सिद्धार्त जैन, डॉ. परीक्षित झाडे, अर्थ जैन, आकाश सिंह, नवजीवन विजय पंवार, निशा डामोर, रोशन राय, रिंकेश वैश्य बैठक में मौजूद थे। गंभीर लापरवाही वाले मामलों में संबंधित अधिकारियों पर पेनल्टी लगाई गई। साथ ही अतिरिक्त विलंब वाले मामलों की जांच के लिए जॉइंट कलेक्टर की अध्यक्षता में जांच समिति गठित की गई है। बैठक में बताया गया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और मानसिक सहयोग के उद्देश्य से जिले में 'अपनत्व अभियान' प्रारंभ किया जा रहा है। इस अभियान के तहत वरिष्ठ अधिकारियों को हॉस्टल आवंटित किए गए हैं। अधिकारी हॉस्टल में रह रहे विद्यार्थियों से संवाद करेंगे, उनकी समस्याएं समझेंगे और अभिभावक की भूमिका निभाते हुए उन्हें मार्गदर्शन देंगे। साथ ही हॉस्टलों में लाइटिंग, टॉयलेट और अन्य आधारभूत सुविधाओं की भी नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी।

# पुराने-दुर्लभ सिक्कों की प्रदर्शनी में होगी खरीदी-बिक्री

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** इंदौर मुद्रा शोध न्यास एवं भार्गव ऑक्शंस द्वारा गाँधी हॉल में 13 से 15 फरवरी तक मनी मेला का आयोजन किया जाएगा। देश भर के 50 से अधिक मुद्रा संग्राहक आएंगे। इस मामले में जो धोखाधड़ी और भ्रामक जानकारियां दी जाती है उससे भी लोगों को आगाह किया जाएगा। इस मेला प्रदर्शनी में पुराने और दुर्लभ सिक्कों की खरीदी-बिक्री भी होगी। अमेरिका के संग्राहक संजीव कुमार शिवली कुमार गुप्त मेले का शुभारंभ करेंगे। गिरिश शर्मा, डॉ. रामचन्द्र ठाकुर, रविन्द्र नारायण पहलवान ने बताया कि देश भर के 11 प्रमुख मुद्रा संग्राहकों का सम्मान भी किया जाएगा। मेले में लगाए जाने वाले स्टाल्स पर आम जनता भी सिक्कों की पहचान तथा उनकी खरीदी बिक्री भी कर सकेगी।

**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**मोती तबेला झोन-32**
**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती स्मिता पाल पति मनीष पाल** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं.1004501140 पता 43 ए दुर्गानगर छोटा बांगड़दा इन्दौर के दर्ज नाम पर नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **1. विक्रम रेशिमवाले पिता विजय कुमार रेशिमवाले 2. विजय कुमार रेशिमवाले पिता गोपालराव रेशिमवाले** पता 11/3 ड़ॉ. आर.एस. भंडारी मार्ग इन्दौर झोन क्र. 09 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1003712163 पर आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.09 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 09**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

# सूर्यकुमार यादव की कप्तानी पर फिदा गौतम गंभीर

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सूर्यकुमार यादव की 'संयमित नेतृत्व क्षमता' की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि टी20 प्रारूप में कप्तान के तौर पर स्काय सभी कसौटी पर खरे उतरते हैं और इससे उनका दबाव भरा काम थोड़ा आसान हो जाता है।

एक छोटे वीडियो में गंभीर ने कहा कि मौजूदा टी20 विश्व कप में सूर्यकुमार जैसे आक्रामक बल्लेबाज का कप्तान होना भारत के लिए सौभाग्य की बात है। इस वीडियो में यह नहीं पता चल रहा है कि गंभीर ने यह बयान कब दिया है।

गंभीर ने कहा, सूर्यकुमार ने इस प्रारूप में मेरा काम बहुत आसान कर दिया है। वह लोगों के लिए एक बेहतरीन कप्तान हैं, यह सिर्फ इसलिए नहीं कि वह मैदान पर क्या करते हैं, या बल्लेबाज के रूप में कैसे हैं, या उनके शॉट्स इस प्रारूप में कैसे हैं।

उन्होंने कहा, कोच के तौर पर कभी-कभी आपके दिमाग में कई बातें चल रही होती हैं, लेकिन जब आप जानते हैं कि सूर्यकुमार माहौल को शांत बनाए रखेंगे, जैसा किसी भी कोच का सपना होता है, तो बहुत कुछ आसान हो जाता है।



भारत ने सूर्यकुमार यादव की शानदार बल्लेबाजी के बूते शनिवार को विश्व कप के अपने शुरुआती मैच में अमेरिका को हराया। भारतीय कप्तान ने एक छोर से विकेटों के पतझड़ के बीच 49 गेंदों में नाबाद 84 रन के साथ पारी को संभाला था।

**भारतीय टीम बृहस्पतिवार को अब दिल्ली में नामीबिया के खिलाफ खेलेगी**–गंभीर ने कहा, मेरे लिए खिलाड़ी सूर्यकुमार को अलग रखा जा सकता है, लेकिन कप्तान सूर्यकुमार के तौर पर उन्होंने हर कसौटी पर खरा उतरकर मेरी जिंदगी बहुत आसान बना दी है। वह वास्तव में एक शानदार नेतृत्वकर्ता हैं।

उन्होंने कहा, यह बहुत अच्छा है कि देश का नेतृत्व उनके जैसे खिलाड़ी के हाथ में है, क्योंकि उनका दिल सही जगह पर है और दबाव में वह सही निर्णय लेते हैं। पैंतीस साल के सूर्यकुमार यादव दो साल पहले रोहित शर्मा की कप्तानी में टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। रोहित के इस प्रारूप से संन्यास के बाद उन्हें टीम की कमान सौंपी गई।

# आईसीसी ने बांग्लादेश पर नहीं लगाया कोई जुर्माना

**दुबई।** आईसीसी ने सोमवार को कहा कि भारत में टी20 विश्व कप के मैच खेलने से इनकार पर वह बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड पर कोई दंड नहीं लगायेगा । आईसीसी ने कहा कि बीसीबी और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से बातचीत के बाद यह फैसला लिया गया। पाकिस्तान ने बांग्लादेश के प्रति एकजुटता दिखाते हुए 15 फरवरी को भारत के खिलाफ विश्व कप का मैच खेलने से इनकार किया था ।

आईसीसी ने एक बयान में कहा, इस पर रजामंदी बनी है कि मौजूदा मसले के संदर्भ में बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड पर किसी तरह का आर्थिक, खेल संबंधी या प्रशासनिक दंड नहीं लगाया जायेगा। इसमें कहा गया, बीसीबी को विवाद निपटान समिति के पास जाने का अधिकार है। आईसीसी के मौजूदा नियमों के तहत यह अधिकार बरकरार है।

आईसीसी ने कहा कि उसका नजरिया निष्पक्षता और समानता के सिद्धांतों पर आधारित है और यह सजा देने के बजाय मदद करने के साझा मकसद को दिखाता है। आईसीसी ने यह भी कहा कि बांग्लादेश को 2028 से 2031 के बीच में एक आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी दी जायेगी।



बांग्लादेश ने सुरक्षा कारणों का हवाला देकर भारत में विश्व कप खेलने से इनकार कर दिया था जिसकी जगह स्कॉटलैंड खेल रहा है। आईसीसी ने यह भी कहा कि बांग्लादेश को 2028 से 2031 के बीच में एक आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी दी जायेगी। आईसीसी ने कहा, इस समझ के तहत एक समझौता हुआ है कि बांग्लादेश आईसीसी पुरूष विश्व कप 2031 से पहले आईसीसी के एक टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा, जो आईसीसी की सामान्य मेजबानी प्रक्रिया, समयसीमा और परिचालन संबंधी जरूरतों के मुताबिक तय होगा ।

आईसीसी ने कहा कि यह कदम मेजबान के तौर पर बांग्लादेश की काबिलियत में भरोसे को दिखाता है और देश में क्रिकेट के विकास के लिये अपने सदस्यों को मेजबानी के सार्थक मौके देने की आईसीसी की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।'' आईसीसी के मुख्य कार्यकारी संजोग गुप्ता ने कहा, आईसीसी टी20 पुरूष विश्व कप में बांग्लादेश का नहीं होना खेदजनक है लेकिन इससे प्रमुख क्रिकेट देश के रूप में बांग्लादेश के प्रति आईसीसी की स्थायी प्रतिबद्धता में कोई बदलाव नहीं आयेगा। उन्होंने कहा, हम बीसीबी समेत अपने सभी हितधारकों के साथ काम करने पर फोकस बनाये हुए हैं ताकि देश में खेल का समेकित विकास हो और उसके खिलाड़ियों को भविष्य में मौके मिलें।

## 15 को मचेगा गदर, आमने-सामने होंगे दो प्रतिद्वंदी

**इस्लामाबाद/ढाका।** भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप का मैच निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगा चूंकि पाकिस्तान सरकार ने बांग्लादेश और श्रीलंका के समझाने के बाद इस मैच के बहिष्कार का फैसला वापिस ले लिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच मैच कोलंबो में 15 फरवरी को होना है। पाकिस्तान सरकार ने एक रिलीज में कहा, बहुपक्षीय बातचीत के नतीजों और दोस्त देशों के अनुरोध के बाद पाकिस्तान सरकार पाकिस्तान की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम को निर्देश देती है कि वह 15 फरवरी को आईसीसी पुरूष टी20 विश्व कप का अपना निर्धारित मैच खेलने मैदान पर उतरे।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने इससे पहले जारी एक बयान में पाकिस्तान से क्रिकेट के हित में यह मैच खेलने का अनुरोध किया था। इसके बाद ही स्पष्ट हो गया था कि पाकिस्तान यह मैच खेलेगा। पाकिस्तान सरकार के बयान में कहा गया, यह फैसला क्रिकेट की भावना की रक्षा और सभी प्रतिभागी देशों में इस वैश्विक खेल की निरंतरता का समर्थन करने के मकसद से लिया गया है।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ को श्रीलंका से राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके का भी फोन आया था जिन्होंने उनसे बहिष्कार का फैसला वापिस लेने का अनुरोध किया था।

## रविवारिय टेबल टेनिस स्पर्धा 15 फरवरी को

**इंदौर।** इंदौर जिला टेबल टेनिस संगठन के तत्वावधान में रविवारिय टेबल टेनिस स्पर्धा 15 फरवरी को अभय प्रशाल में खेली जायेगी। स्पर्धा में बड़ी संख्या में खिलाड़ी भाग लेंगे। उक्त जानकारी देते हुए जिला टेबल टेनिस संगठन के सचिव नीलेश वेद ने बताया कि स्पर्धा में बालक एवं बालिका वर्ग में अंडर 15 आयु वर्ग, अंडर-19 आयु वर्गए पुरूष, महिला तथा मार्स्टस (40 से अधिक आयु वर्गो) में एकल मुकाबलों के साथ ही युगल मुकाबलें भी खेले जायेंगे। स्पर्धा के विजेता उपविजेता खिलाडियों को आकर्षक नगद पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। अंतरराष्ट्रीय निर्णायक प्रशांत व्यास तथा नवीन सोनी के साथ ही सात निर्णायको का दल स्पर्धा का संचालन करेगा। इच्छुक खिलाडी अपनी प्रविष्टियां बेसिक स्पोर्टस एप्प के माध्यम से 12 फरवरी तक दे सकते हैं।

## स्टार क्लब की शानदार जीत

**इन्दौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में अपेक्स क्लब द्वारा आयोजित अंडर-13 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत स्टार क्लब एवं इंदोर कोल्टस के मध्य मैच खेला गया जिसमें इंदौर कोल्टस ने पहले खेलते हुए 29 ओवरो में सभी विकेट खोकर 104 रन बनायें। श्लोक पटेल ने 34 रन बनाये। अर्नव श्रीवास्तव एवं प्रज्जवल शर्मा ने 5-5 विकेट लिये। जवाब में स्टार क्लब ने 21 ओवरो में 2 विकेट खोकर 105 रन बनकर यह मैच 8 विकेट से जीत लिया । कुशाग्र पाटीदार ने नाबाद 57 रन बनाये।



### विजय क्लब की आसान जीत



इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच विजय क्लब एवं राउ क्लब के मध्य खेला गया जिसमें विजय क्लब ने पहले खेलते हुए 27 ओवरो में 145 रन बनाये। दक्ष पगारे ने 33 रन बनाये। सिद्धार्थ कुमार ने 3 विकेट लिये। जवाब में राउ क्लब की टीम 19 ओवरो में 98 रनों पर सिमट गई और यह मैच 47 रनों से हार गई । अभिषेक चौहान ने घातक गेंदबाजी करते हुए 29 रन देकर 5 विकेट लिये ।

### एसएस कम्यून की विशाल जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एसएस कम्यून एवं एसएलएफ के मध्य खेला गया जिसमें एसएस कम्यून ने पहले खेलते हुए 50 ओवरो में 9 विकेट खोकर 234 रन बनाये ।अंश चौहान ने 67 रन एवं अनय चावरे ने 34 रन बनाये। चित्रांश एवं मो.काजिल ने 2-2 विकेट लिये । जवाब में एसएलएफ की टीम 35 ओवरो में 84 रनों पर सिमट गई और यह मैच 150 रनों के अंतर से हार गई । रूद्रराज ने घातक गेदबाजी करते हुए 5 किवेट एवं अरस्तु चौधरी ने 3 विकेट लिये ।



### देव्ज एकेडमी की शानदार जीत



इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच देव्ज एकेडमी एवं महू स्पोर्ट्स के मध्य खेला गय जिसमें महू स्पोटस ने पहले खेलते हुए 15 ओवरो में मात्र 43 रन बनाकर अपने सभी विकेट खो दिये। विहान अग्रवाल ने 4 विकेट एवं रेयान वसीम ने 3 विकेट लिये । जवाब में देव्ज एकेडमी की टीम ने 3 ओवरो में 1 विकेट खोकर 45 रन बनाकर यह मैच 9 विकेट से शानदार तरिके से जीत लिया । पवित्र पाटील ने 10 गेंदों में 7 चौके के साथ आक्राामक नाबाद 31 रन बनाये।

## टीम की हुई अचानक एंट्री, अब इटली को हराकर चौकाया



कोलकाता । टी20 वर्ल्ड कप 2026 में स्कॉटलैंड की टीम ने इतिहास रचते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में इटली के खिलाफ खेले गए मुकाबले में स्कॉटलैंड के बल्लेबाजों ने तूफानी प्रदर्शन करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 207 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। यह टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में किसी भी एसोसिएट टीम द्वारा बनाया गया अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। इस मैच में जॉर्ज मुन्सी ने 84 रन की तगड़ी पारी खेली, जिससे उनकी टीम ने रिकॉर्ड बना दिया। स्कॉटलैंड की ओर से ओपनिंग बल्लेबाजों ने टीम को आक्रामक शुरुआत दी, जिसके बाद मध्यक्रम ने भी रनों की रफ्तार को थमने नहीं दिया। मुन्सी ने माइकल जोन्स के साथ मिलकर 13.5 ओवर में 126 रन जोड़ दिए। इसके बाद ब्रैंडन मैकमुलेन ने 18 गेंद पर नाबाद 41 रन ठोक दिए। वहीं 5 गेंद पर 22 रन की पारी माइकल लीस्क ने खेल दी। पूरी टीम ने इस मैच में पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए इटली के गेंदबाजों की जमकर खबर ली और बाउंड्री की झड़ी लगा दी। इससे पहले यह रिकॉर्ड संयुक्त राज्य अमेरिका के नाम था, जो उन्होंने 2024 के वर्ल्ड कप में कनाडा के खिलाफ डलास में 197 रन बनाकर बनाया था। स्कॉटलैंड ने उस रिकॉर्ड को 10 रनों के अंतर से पीछे छोड़ते हुए 200 रनों का आंकड़ा पार करने वाली पहली एसोसिएट टीम बनने का गौरव भी हासिल किया है।

# चार्टर्ड बस का कहर.. ओवरटेक के चक्कर में एक्टिवा सवार दंपति को रौंदा

## पति की मौके पर मौत, पत्नी गंभीर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।






मांगलिया क्षेत्र में बीती रात एक रफ़्तार का कहर देखने को मिला। एक तेज़ रफ़्तार चार्टर्ड बस ने ओवरटेक करने की कोशिश में एक्टिवा सवार दंपत्ति को ज़ोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में बस का टायर सिर पर चढ़ने से पति की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल है।

फरियादी अंकित कुशवाह निवासी नगीना कालोनी एमआईजी अपने बड़े भाई संतोष कुशवाह और भाभी कपूरी बाई के साथ देवास में एक शादी समारोह से लौट रहे थे। संतोष अपनी पत्नी के साथ एक्टिवा पर आगे चल रहे थे, जबकि अंकित पीछे दूसरी गाड़ी पर था। रात करीब सवा ग्यारह बजे, शिप्रा थाना क्षेत्र के मांगलिया स्थित शनि मंदिर के पास पीछे से आ रही तेज़ रफ़्तार चार्टर्ड बस एमपी-13 पी-7290 के चालक ने लापरवाही से बस चलाई। ओवरटेक करने के प्रयास में बस ने एक्टिवा को पीछे से ज़ोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक्टिवा असंतुलित होकर गिर गई। इससे पहले कि संतोष संभल पाते, बस का पिछला टायर उनके सिर को रौंदते हुए निकल गया, जिससे उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और सड़क खून से सन गई। अंकित और राहगीरों ने तुरंत बस को रुकवाया और पुलिस को सूचना दी। हादसे में कपूरी बाई के सिर में भी गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। शिप्रा थाना पुलिस ने मौके पर पहुँचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और दुर्घटना कारी चार्टर्ड बस को ज़ब्त कर लिया है।

# दुर्घटना में घायल की उपचार के दौरान मृत्यु

## *रिक्शा में बैठकर जा रहे थे, पीछे से मारी थी टक्कर*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



रेवेन्यू नगर में रहने वाले कैलाश नारायण साहू 75 साल किसी कार्य से ऑटो रिक्शा में बैठकर जा रहे थे तभी रिक्शा में पीछे से कार ने 29 जनवरी को तिलक नगर स्थित शनि मंदिर के समीप टक्कर मार दी थी और इस टक्कर में कैलाश नारायण गंभीर घायल हो गए थे और उन्हें घायल अवस्था में उपचार के लिए अरबिन्दों अस्पताल में दाखिल कराया गया था। उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच भी शुरू कर दी है और कैलाश नारायण का पोस्टमार्टम भी एमवाय में किया जा रहा है।

# गंगवाल बस स्टैंड पर चाकू के साथ युवक धराया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

छत्रीपुरा पुलिस ने हॉटस्पॉट और शैडो एरिया में चेकिंग अभियान के दौरान गंगवाल बस स्टैंड स्थित शौचालय के पास से एक युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी की पहचान अनिकेत बोले पिता तानाजी निवासी सेक्टर डी, नगीन नगर, थाना एरोड्रम के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर उसके पास से एक धारदार चाकू बरामद हुआ, जिसे मौके पर जब्त कर आरोपी को हिरासत में लिया गया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ एरोड्रम थाने में पूर्व से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।



# हेकड़ीबाज नागिन को पकड़ना पड़े कान

## चाकूबाज की पुलिस ने निकाली हेकड़ी, जहां किया था लहूलुहान वहीं लगवाई उठक-बैठक



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।

चंदन नगर थाना क्षेत्र में अड़ीबाजी और चाकूबाजी की सनसनीखेज वारदात को अंजाम देने वाले शातिर बदमाश विशाल उर्फ नागिन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने न केवल उसे सलाखों के पीछे पहुँचाया, बल्कि इलाके में उसका खौफ खत्म करने के लिए उसी स्थान पर पैदल घुमाया जहाँ उसने वारदात की थी। इस दौरान बदमाश अपनी हेकड़ी भूलकर जनता के सामने कान पकड़कर माफी मांगता और उठक-बैठक लगाता नजर आया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी विशाल उर्फ नागिन पिता विजय पटेल हुकुमचंद कॉलोनी ने 8 फरवरी की रात राजनगर सेक्टर एफ में अभिषेक पिता राजेंद्र भगड़े को रोका था। आरोपी ने अभिषेक से नशा करने के लिए रुपयों की मांग की, लेकिन जब अभिषेक ने इसका विरोध किया, तो विशाल ने उस पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया।

### पुलिस ने जनता के बीच निकाला जुलूस

थाना प्रभारी तिलक करोले के मुताबिक, फरियादी निखिल शर्मा की रिपोर्ट पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। समाज में अपराधियों के प्रति डर पैदा करने और जनता में सुरक्षा का भाव जगाने के लिए पुलिस ने कल देर शाम आरोपी का उसी इलाके में जुलूस निकाला। पैदल मार्च के दौरान आरोपी हाथ जोड़कर लोगों से माफी मांग रहा था। चंदन नगर पुलिस अब आरोपी के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाल रही है ताकि उस पर सख्त प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा सके।

# सुरक्षा गार्ड ने जहर खाकर दी जान

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक सुरक्षा गार्ड द्वारा जहर खाकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतक पिछले कुछ समय से नौकरी छूटने के कारण अत्यधिक मानसिक तनाव में था। माना जा रहा है कि आर्थिक तंगी और भविष्य की चिंता के चलते उसने मौत को गले लगा लिया।

पुलिस की शुरुआती पूछताछ और परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक राकेश लिंगा (50), निवासी रघुवंशी कॉलोनी, पेशे से निजी सुरक्षा गार्ड थे। कुछ समय पहले उनकी नौकरी छूट गई थी, जिसके बाद से वे नए काम की तलाश में थे। काफी प्रयास के बाद भी काम न मिलने और घर की जिम्मेदारियों के बोझ ने उन्हें डिप्रेशन में धकेल दिया था। इसी परेशानी के चलते सोमवार को उन्होंने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया।परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। राकेश अपने पीछे पत्नी और दो बच्चों का परिवार छोड़ गए हैं। बाणगंगा पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।पुलिस के अनुसार, घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, लेकिन बेरोजगारी की बात प्रमुखता से सामने आ रही है।

# कनक एवेन्यू में चोरी के प्रयास मामले में 3 बदमाश गिरफ्तार

## व्यवसायी की पत्नी की सतर्कता से भागे थे चोर, बोलेरो जब्त

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

लसूड़िया थाना क्षेत्र अंतर्गत कनक एवेन्यू में व्यवसायी अनिल जायसवाल के बंगले पर धावा बोलने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के तीन शातिर बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बांक टांडा क्षेत्र में दबिश देकर पकड़े गए इन आरोपियों ने पूछताछ में वारदात को अंजाम देने की कोशिश स्वीकार की है। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई सफेद बोलेरो गाड़ी भी बरामद कर ली है।

थाना प्रभारी तारेश सोनी के अनुसार, 24 जनवरी की रात तीन से अधिक नकाबपोश बदमाश व्यवसायी अनिल जायसवाल के बंगले के पोर्च में घुस गए थे। बदमाश औजारों की मदद से मुख्य दरवाजा तोड़ने का प्रयास कर रहे थे, तभी घर के अंदर मौजूद अनिल जायसवाल की पत्नी की नींद खुल गई। उन्होंने जब सीसीटीवी कैमरों की लाइव फुटेज देखी, तो उनके होश उड़ गए। उनके शोर मचाने और अलार्म बजने के डर से बदमाश तुरंत मौके से फरार हो गए थे।

**बांक टांडा में पुलिस की सर्जिकल स्ट्राइक**- वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में जब फुटेज की बारीकी से जांच की गई, तो बदमाशों का हुलिया और कार्यप्रणाली धार जिले के बांक टांडा क्षेत्र के गिरोह से मिलती-जुलती पाई गई। पुलिस ने टांडा क्षेत्र की जानकारी रखने वाले विक्रम चौहान की मदद से संदिग्धों की पहचान की। सटीक सूचना के आधार पर लसूड़िया पुलिस की विशेष टीम ने बांक टांडा में दबिश दी और तीन मुख्य आरोपियों को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों के नाम भदरीसिंह पिता भूरेलाल ग्रेवाल निवासी फलिया, धावसिंह पिता मंगरसिंह निवासी मालपुरा, टांडा और ध्यान सिंह पिता कमरू निवासी टांडा क्षेत्र बताए जा रहे है।



### बोलेरो से आकर करते थे रेकी और चोरी

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे वारदात के लिए सफेद बोलेरो वाहन का उपयोग करते थे। इसी वाहन से वे कॉलोनियों में घूमकर सूने मकानों या बंगलों की रेकी करते थे। पुलिस ने उक्त बोलेरो जब्त कर ली है। पकड़े गए बदमाश आदतन अपराधी हैं और उन पर पहले भी कई मामले दर्ज होने की आशंका है। पुलिस अब इनके अन्य फरार साथियों और शहर में की गई पुरानी वारदातों के बारे में पूछताछ कर रही है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।